सूत्रों के अनुसार जोधपुर के बिलाड़ा में रहने वाले महेन्द्र कुमार बिश्नोई के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। महेन्द्र का सेंटर शास्त्री नगर स्थित टैगोर विद्या भवन में था। आरोप है कि महेन्द्र ने अपनी जगह डमी कैंडिडेट बिठाकर परीक्षा पास की। जब आरोपी से बीपीएड का सर्टिफिकेट मांगा गया तो आरोपी ने अमरावती विवि से बीपीएड की फर्जी डिग्री दे कर नौकरी ले ली। वहीं श्रवण सिंह के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की गई है। श्रवण सिंह का सेंटर मुरलीपुरा में शहीद मेजर योगेश अग्रवाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आया था। उसने अपनी जगह पर डमी कैंडिडेट बिठा कर परीक्षा पास की और पीटीआई बन गया। आरोपी ने एकलव्य यूनिवर्सिटी मध्य प्रदेश से बीपीएड की डिग्री लगाई, जो फर्जी निकली।

सांचोर के रहने वाले मनोहर लाल का जयपुर के मुरलीपुरा में सेंटर आया था। उसकी जगह डमी कैंडिडेट ने परीक्षा दी थी। शिकायत मिलने के बाद अभ्यर्थी मनोहर लाल के दस्तावेजों की जांच की। जांच में आवेदन पत्र, परीक्षा प्रवेश पत्र और जेएस विश्वविद्यालय शिकोहाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्राप्त बीपीएड की डिग्री फर्जी पाई। जालोर के सायला का रहने वाले ईश्वर सिंह का परीक्षा केंद्र मुरलीपुरा के प्रिंस स्कूल में आया था। उसकी जगह डमी कैंडिडेट ने परीक्षा दी थी। ओपीजेएस विश्वविधालय में बीपीएड सत्र 2018-20 अभ्यर्थी ईश्वर सिंह का नाम नहीं मिला। उसने शारीरिक शिक्षक की नौकरी बैक डेट में फर्जी तरीके से ओपीजेएस विश्वविधालय की डिग्री और मार्कशीट से प्राप्त की है। सांचोर के रहने वाले सुरेश कुमार का परीक्षा केंद्र महात्मा गांधी स्कूल में आया था। सुरेश के स्थान पर डमी कैंडिडेट ने परीक्षा दी थी। सुरेश कुमार ने जेएस विश्वविद्यालय शिकोहाबाद (उत्तर प्रदेश) से बीपीएड की डिग्री प्राप्त की थी। आवेदन पत्र में बीपीएड उत्तीर्ण करने का साल 2021 अंकित किया गया है। वहीं, जेएस विश्वविद्यालय शिकोहाबाद द्वारा जारी मॉर्कशीट में चौथे सेमेस्टर का परिणाम 23 सितम्बर 2022 को जारी होना बताया है। इस प्रकार फर्जी डिग्री प्राप्त की गयी थी।

चयन प्रक्रिया में शामिल करने के आदेश

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को इन्हीं स्कूलों के रिक्त पदों की चयन प्रक्रिया में शामिल करने के आदेश देते हुए उनके ऑफ लाइन आवेदन स्वीकार करने को कहा है। वहीं अदालत ने मामले में शिक्षा सचिव और माध्यमिक शिक्षा निदेशक से जवाब तलब किया है। जस्टिस महेन्द्र गोयल की एकलपीठ ने यह आदेश गजानंद यादव व अन्य की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार ने राजकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में शिक्षकों के खाली पदों पर भर्ती के लिए गत 11 जुलाई को भर्ती विज्ञापन निकाला। जिसमें यह शर्त रखी गई कि विशेष चयन प्रक्रिया से चयन के बाद अंग्रेजी माध्यम में पदस्थापित शिक्षक इसमें आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे। याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता शिक्षक अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में ही दूसरे जिलों में कार्यरत हैं।

वकील को केस की फाइल नहीं देने वाले जिम्मेदारों के खिलाफ क्या कार्रवाई की : हाईकोर्ट

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने वन विभाग के कर्मचारी के चयनित वेतनमान नहीं देने से जुड़े मामले में सरकारी वकील के पास फाइल नहीं होने पर नाराजगी जताई है। इसके साथ ही अदालत ने अतिरिक्त मुख्य वन सचिव को निर्देश दिए हैं कि वह 29 जुलाई को व्यक्तिगत या वीसी के जरिए अदालत में उपस्थित होकर इस संबंध में अपना शपथ पत्र पेश करें। अदालत ने एसीएस को कहा है कि शपथ पत्र में बताए प्रकरण की सरकारी वकील को फाइल नहीं देने के क्या कारण हैं। इसके अलावा इसके लिए दोषी अधिकारी के खिलाफ क्या कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। जस्टिस महेंद्र कुमार गोयल की एकलपीठ ने यह आदेश राम प्रसाद मीणा की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान सरकारी वकील ने कहा कि उन्हें प्रकरण की फाइल उपलब्ध नहीं कराई गई है। ऐसे में वे प्रकरण में बहस नहीं कर सकते हैं। ऐसे में उन्हें चार सप्ताह का समय दिया जाए। वहीं याचिकाकर्ता के वकील विजय पाठक ने कहा कि गत सुनवाई को भी इसी आधार पर तारीख ली गई थी। इस पर अदालत ने नाराजगी जताते हुए कहा कि कोर्ट में रोजाना वन विभाग के ऐसे कई केस आ रहे हैं, जिनमें विभाग के वकील को प्रकरण की फाइल ही मुहैया नहीं कराई गई है। जिसके कारण मुकदमों की सुनवाई प्रभावित हो रही है। इस मामले में भी पूर्व में सरकारी वकील को फाइल नहीं होने के आधार पर बहस के लिए समय दिया गया था, लेकिन अभी तक उनके पास फाइल नहीं पहुंची है। ऐसे में विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव व्यक्तिश: या वीसी के जरिए हाजिर होकर इस संबंध में शपथ पत्र पेश कर सरकारी वकील को फाइल नहीं पहुंचाने के कारण और इसके दोषी अधिकारी के खिलाफ की गई कार्रवाई की जानकारी अदालत में पेश करें।

'आवंटी बिल्डर से जमा राशि वापस लेने का अधिकारी'

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान रियल एस्टेट अपीलीय अधिकरण ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि कंप्लीशन सर्टिफिकेट व ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट बिना प्रोजेक्ट व बिल्डिंग के निर्माण को पूरा नहीं माना जा सकता। यदि बिल्डर ने ये सर्टिफिकेट प्राप्त नहीं किए हैं तो ऐसी स्थिति में आवंटी बिल्डर से अपनी जमा राशि वापस लेने का अधिकारी होगा। इसके साथ ही अधिकरण ने बिल्डर को निर्देश दिया कि वह अपीलार्थी को उसकी जमा राशि 45 दिन में ब्याज सहित लौटाए। अधिकरण ने यह आदेश आवंटी कैलाश गुप्ता की अपील को मंजूर करते हुए और सिक्विन रियल एस्टेट की अपील को दस हजार रुपए हर्जाने सहित खारिज करते हुए दिया। अधिवक्ता मोहित खंडेलवाल ने बताया कि अपीलार्थी बिल्डर ने वर्ष 2006 में स्टार सिटी के नाम से एक आवासीय प्रोजेक्ट शुरू किया।

सुमेल एनीकट के अति.जल भराव की समस्या के निस्तारण के लिए क्या कर रही है सरकार?

- अदालत ने मामले में मुख्य सचिव और जल संसाधन विभाग के अधिकारियों सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि गंगापुर सिटी के पास सुमेल नदी पर बने एनीकट के अतिरिक्त जल भराव से स्थानीय निवासियों को हो रही समस्या के निस्तारण के लिए क्या किया जा रहा है। अदालत ने मामले में मुख्य सचिव और जल संसाधन विभाग के अधिकारियों सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। सीजे एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश भरत सिंह व अन्य की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

जनहित याचिका में अधिवक्ता सुरेन्द्र कुमावत लांबा ने अदालत को बताया कि मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन योजना के तहत सुमेल नदी पर एनीकट का निर्माण किया गया है। एनीकट के सर्वेक्षण और निर्माण के दौरान प्रशासन की ओर से यह बताया गया था कि इसकी भराव क्षमता 46.20 एमसीटी रहेगी और इसका जल भराव क्षेत्र बामन बड़ौदा की संपर्क रोड के पुल के स्तर तक रहेगा। जबकि नौगांवा इसके अपस्ट्रीम में रहेगा। वहीं एनीकट की दोषपूर्ण डिजाइन और गलत निर्माण के कारण इसका जलमग्न एरिया 46.20 से करीब चार गुणा बढकर 184 एमसीटी हो गया। इसके अलावा अपस्ट्रीम एरिया से पांच किलोमीटर आगे तक जलभराव हो रहा है। जिसके कारण नौगांवा, बिदरखा, बामन बड़ौदा सहित आसपास के गांवों के निवासियों के खेतों और मकानों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है। याचिका में बताया गया कि याचिकाकर्ताओं की भूमि को डूब क्षेत्र के उद्देश्य से न तो अधिग्रहित किया गया और ना ही उन्हें कोई मुआवजा मिला। वहीं हर मौसम में जलभराव होने के कारण खेतों में फसल की पैदावार खराब हो रही है, लेकिन उसका भी मुआवजा नहीं दिया गया। यहां हो रहे जलभराव के कारण उन्हें जीवन यापन में कठिनाई का सामना करना पड रहा है। इस संबंध में स्थानीय अधिकारियों को कई बार शिकायत दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

व्याख्याता से रिकवरी पर रोक

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने रिटायर स्कूल व्याख्याता को सेवाकाल के दौरान दिए वेतन को अधिक भुगतान देना बताकर उसकी पेंशन से राशि की रिकवरी करने के मामले में अतिरिक्त मुख्य स्कूल शिक्षा सचिव, माध्यमिक शिक्षा निदेशक, पेंशन निदेशक और डीईओ सीकर सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। इसके साथ ही अदालत ने विभाग के रिकवरी आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगा दी है। जस्टिस अनूप ढंड की एकलपीठ ने यह आदेश मदनलाल की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

जयपुर फुट के विशेषज्ञ अब कोलकाता के तकनीशियनों को प्रशिक्षित करेंगे

जयपुर, (का.सं.)। भारत सरकार के संस्थान नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर लोकोमोटर डिसएबिलिटी और विश्व प्रसिद्ध जयपुर फुट की निर्माता संस्था भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बी.एम.वी.एस.एस.) के बीच एक एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर हुए। इस एम.ओ.यू. के अन्तर्गत दोनों संस्थाएँ आपसी सहयोग से कोलकत्ता स्थित इस राष्ट्रीय शारीरिक गतिशील द्विव्यांगजन संस्थान के तकनीशियनों के बी.एम.वी.एस.एस. के विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षित करेगा।

भारत सरकार के संस्थान नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर लोकोमोटर डिसएबिलिटी और विश्व प्रसिद्ध जयपुर फुट की निर्माता संस्था भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के बीच एक एम.ओ.यू. पर नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर लोकोमोटर डिसएबिलिटी के निदेशक डॉ. ललित नारायण और बी.एम.वी.एस.एस. के सचिव डॉ. दीपेन्द्र मेहता ने हस्ताक्षर किए। इस दौरान बी.एम.वी.एस.एस. के संस्थापक और मुख्य संरक्षक डी.आर. मेहता मौजूद रहे।

नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर लोकोमोटर डिसएबिलिटी (एन.आई.एल.डी.) के निदेशक डॉ. ललित नारायण और बी.एम.वी.एस.एस. के सचिव (तकनिकी) डॉ. दीपेन्द्र मेहता ने एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर बी.एम.वी.एस.एस. के संस्थापक और मुख्य संरक्षक डी.आर. मेहता, सचिव भूपेन्द्र राज मेहता, बी.एम.वी.एस.एस. के तकनिकी परामर्शदाता डॉ. एम.के. माथुर और एन.आई.एल.डी. के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रसन्ना लेंका भी उपस्थित थे। एन.आई.एल.डी. केन्द्रीय सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण मंत्रालय के द्विव्यांगों के पुर्नवास विभाग के अन्तर्गत कोलकत्ता के बोनहुगली स्थित संस्था है।

सचिव डॉ. दीपेन्द्र मेहता ने बताया कि एन.आई.एल.डी. और बी.एम.वी.एस.एस. के बीच आपसी सहयोग के अन्तर्गत दोनों संस्थाऐं द्विव्यांगों के पुर्नवास के लिए प्रशिक्षण और अन्वेषण कार्य करेगा और एन.आई.एल.डी. के प्रशिक्षुओं को जयपुर फुट की निर्माण संस्था प्रशिक्षित करेगी। बी.एम.वी.एस.एस. एन.आई.एल.डी. के अपने एक केन्द्र की स्थापना कर प्रशिक्षण कार्य चलाएगी और इसके अन्तर्गत जयपुर फुट और अन्य उपकरणों के निर्माण की विधि का प्रशिक्षण देगा। इस अनुबन्ध के अन्तर्गत एन.आई.एल.डी. में द्विव्यांगजनों को जयपुर फुट और अन्य उपकरण उपलब्ध किए जाऐंगे, जिससे पश्चिम बंगाल और पूर्व भारत के बड़ी संख्या में द्विव्यांगजन लाभान्वित होंगे।

बी.एम.वी.एस.एस. के संस्थापक और मुख्य संरक्षक डी.आर. मेहता ने कहा कि एन.आई.एल.डी. से अनुबन्ध से जयपुर फुट की गुणवत्ता और प्रौद्योगिकी का विस्तार होगा, जिसका लाभ देश भर के द्विव्यांगों को विशेष कर पूर्व और पूर्वोत्तर के राज्यों के द्विव्यांगों को मिलेगा। एन.आई.एल.डी. के निदेशक डॉ. ललित नारायण ने कहा कि इस एम.ओ.यू. के अन्तर्गत अब द्विव्यांगों को एन.आई.एल.डी. के माध्यम से जयपुर फुट लगाकर उनका पुर्नवास किया जा सकेगा।

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in, Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/618 दिनांक-26/7/24

जाहिर आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 35/74, मानसरोवर, जयपुर, क्षेत्रफल 102.550 वर्ग मीटर / वर्ग गज का आवंटन श्री जुम्मा पुत्र श्री कमरूदीन को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र कमांक 1224 दिनांक 03.02.1986 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 10.03.1986 को प्राप्त कर लिया गया था। तत्पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र कमांक 4821 दिनांक 29.11.1999 के द्वारा श्री प्रकाश गुप्ता पुत्र स्व. श्री लक्ष्मीनारायण गुप्ता के नाम नियमितिकरण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 31.03.2000 को करवाया गया। इसके पश्चात श्री प्रकाश गुप्ता की मृत्यु दिनांक 01.03.2024 को हो जाने के कारण वसीयतनामा के आधार पर श्री मोहक खण्डेलवाल पुत्र श्री रवि गुप्ता ने मृत्यु पश्चात् नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं वसीयतनामा प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री मोहक खण्डेलवाल पुत्र श्री रवि गुप्ता के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।

सम्पदा प्रबन्धक वृत्त द्वितीय, जयपुर

लिविंग रिलेशनशीप नं.427 (रजि.) दिनांक 06.06.2024 को निरस्त करने बारे।
निशा महावर पुत्री ईश्वर सिंह, जाति कोली निवासी नमक कटरा कमला रोड, भरतपुर (राज.) ---प्रथम पक्ष
कार्तिक पुत्र विजेन्द्र सिंह, जाति जाट निवासी 1446, बहरोड रोड, वी.टी.सी. पोस्ट व तहसील जा.चौधरी, जिला महेन्द्रगढ (हरियाणा) ---द्वितीय पक्ष
यह कि दोनों पक्षकारान के बीच में आपसी संबंध व रिश्ता बनाए रखने के लिए एक लिविंग रिलेशनशीप दस्तावेज बनवाया व रजिस्ट्रर करवाया था जो कि रजिस्ट्रर्ड संख्या 427 है व दिनांक 6.6.24 को भरतपुर (राज.) में तैयार करवाया था। अब द्वितीय पक्ष इस लिविंग रिलेशनशीप को निरस्त करता है। और भविष्य में इस दस्तावेज के तहत प्रथम पक्ष द्वारा की गई कोई भी कार्यवाही के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।
Pardeepp Kumaar, Advocate
Enrol P/3257/2008
Distt. & Session Court Namaul (HR)
Mob.- 9416451093

आम सूचना/ घोषणा
सर्वसाधारण का सूचित किया जाता है कि हमारी साझेदारी फर्म मैसर्स श्री वंकल सोलर पावर प्लांट गोरो का तला, धनाऊ, जिला- बाड़मेर राजस्थान में स्थित है। फर्म की एक साझेदार फुई देवी (कर्ता-HUF) दिनांक 18.03.2024 ने निवृत (रिटायर) हो गई है तथा श्री धर्मेन्द्र सिंह निवासी जयपुर को नए भागीदार के रूप में 18.03.2024 से लिया गया है। दिनाक 18.03.2024 के बाद, निवर्तमान भागीदार का फर्म से कोई लेना देना नही रहेगा। सूचित रहे।
तिलोकराम, पार्टनर
श्री वंकल सोलर पावर प्लांट

अपील की सुनवाई के लिये नियत दिन की प्रत्यर्थी को सूचना
(आदेश 41 के नियम 14)
नाम न्यायालय पारिवारिक न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय करौली
रामजीलाल वगै. विरूद्ध शिवकुमार वगै.
अपील नियमित दी अपील
अपील नं.CAR No. 22/2024 सन् 29/2024
अति. वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश करौली के न्यायालय की डिक्री दिनांक 26/03/2024 की अपील (1) शिवकुमार (2) सत्यप्रकाश (3) राकेश पुत्रान स्व.चिरंजी (4) श्रीमती रतनी पत्नी स्व.चिरंजी नि. वास मण्डावरा (कुडगाँव) तह.सपोटरा जिला करौली (5) श्यामलाल (6) गोविन्द पुत्रान स्व.बीरबल नि. वासमण्डावरा (कुडगाँव) तह.सपोटरा जिला-करौली
आपको सूचना दी जाती है कि इस मामले में अपीलार्थी को डिक्री की जिसकी नकल अदालत में दी जायेगी द्वारा उपस्थित की गई है और इस न्यायालय में रजिस्टर कर ली गई है और इस अपील की सुनवाई के लिये इस न्यायालय द्वारा ता. 20 माह 08 सन् 2024 नियत की गई है।
यदि इस अपील में आपकी ओर से आप स्वयं या आपके प्लीडर या आपके लिये कार्य करने के लिये विधिना प्राथिकृत कोई व्यक्ति उपसंजात होगा तो यह आपकी अनुपस्थिति में सुनी और विनिश्चित की जावेगी।
यह आज तारीख 19 माह 07 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
मोहर अदालत
आज्ञा से-वरिष्ठ मुंसरिम
पारिवारिक न्यायाधीश करौली

देवी राम मुल्लाका हत्याकांड के एक और आरोपी को दबोचा

दिल्ली-हरियाणा में मजदूरी कर काट रहा था फरारी, गंगापुर सिटी में नादौती थाना क्षेत्र से पकड़ा, 25 हजार का इनामी है आरोपी

जयपुर। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने डीग जिले में 3 साल पहले बहुचर्चित रहे देवी राम मुल्लाका हत्याकांड के एक और आरोपी को पकड़ लिया है। इस पर एस.पी. डीग द्वारा 25 हजार रुपए का इनाम घोषित है। दिल्ली एवं हरियाणा में मजदूरी कर फरारी काट रहा आरोपी शिव हरि गुर्जर करीब 15 दिन पहले ही नादौती आया था।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एम.एन. ने बताया कि उपमहानिरीक्षक पुलिस श्री योगेश यादव के सुपरविजन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एजीटीएफ विद्या प्रकाश के नेतृत्व में इनामी, वांछित अपराधियों, गैंगस्टर इत्यादि के बारे में सूचना के संकलन के लिए एएसआई शैलेंद्र कुमार शर्मा, हैड कांस्टेबल मदनलाल शर्मा व कांस्टेबल बृजेश कुमार शर्मा की एक टीम भरतपुर रेंज की ओर रवाना की गई है। एडीजी एमएन ने बताया कि शनिवार को एएसआई शैलेंद्र कुमार शर्मा व

डीग में तीन साल पहले बहुचर्चित रहे देवी राम मुल्लाका हत्याकांड का एक और आरोपी पकड़ा गया।

कांस्टेबल बृजेश कुमार शर्मा को सूचना मिली कि हत्याकांड में शामिल 25 हजार का इनामी आरोपी शिवहरी गुर्जर पुत्र रामजीत निवासी मुल्लाका थाना कामां अपने जानकार से मिलने गंगापुर सिटी में थाना नादौती इलाके की होडाहेली गांव में आया हुआ है। सूचना पर थाना पुलिस की मदद से एजीटीएफ ने जाल बिछाकर आरोपी को सरकारी स्कूल के पास से दबोच लिया।

एमएन ने बताया कि 11 जून 2021 की सुबह खरीदारी करने बाइक लेकर कामां के लिए निकले देवी राम गुर्जर निवासी मुल्लाका पर पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही रामावतार पुत्र रामप्रसाद पक्ष के 20-22 व्यक्तियों ने लोहे के सरियों और लाठियों से हमला कर दिया और मरा समझकर हवाई फायर करते हुए गांव आये। गांव में भी फायरिंग की जिसमे तीन बच्चे व चार अन्य घायल हो गये। गंभीर घायल देवीलाल ने जयपुर लाते समय महुआ से पहले दम तोड़ दिया था। मामले में थाना पुलिस द्वारा घटना के बाद आठ व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया था, 13 आरोपी फरार हो गये। जिन पर 25-25 हजार का इनाम घोषित किया गया। फरार आरोपियों में से आठ आरोपियों को एजीटीएफ ने कामां पुलिस के सहयोग से पकड़ा, एक आरोपी को कामां पुलिस ने पकड़ लिया। बाकी बचे चार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एजीटीएफ विद्या प्रकाश के नेतृत्व में की गई इस संपूर्ण कार्रवाई में एएसआई शैलेंद्र शर्मा एवं कांस्टेबल बृजेश कुमार की विशेष भूमिका एवं हैड कांस्टेबल मदन लाल शर्मा व कांस्टेबल सोहन की तकनीकी भूमिका रही। कार्रवाई में थाना नादौती से उपनिरीक्षक देवेंद्र कुमार शर्मा मय टीम एएसआई चन्द्र हुसैन, कांस्टेबल धारा सिंह, रवि कुमार, कपिल, बनवारी लाल व जसराज का सराहनीय सहयोग रहा।

आकाशीय बिजली गिरने से पांच महिलाएं झुलसी

निवाई में आकाशीय बिजली गिरने से झूलसी महिलाओं का उपचार सरकारी अस्पताल में कराया।

निवाई, (निसं)। उपखण्ड मुख्यालय की ग्राम पंचायत भरथला के गांव जीवली की बैरवा ढ़ाणी में शनिवार की दोपहर अचानक मौसम के करवट बदलते ही आंधी व बरसात के दौरान आकाशीय बिजली गिर जाने से गांव की पांच महिलाएं झुलस गईं। आकाशीय बिजली गिरने से जीवली निवासी अनीता पत्नी मुकेश बैरवा, ग्यारसी पत्नी छीतर बैरवा, मीरा बैरवा, संतरा पत्नी रामलाल बैरवा, काली देवी पत्नी अमरचन्द बैरवा झुलस जाने से घायल हो गई। घायलों को परिजनों ने सामुदायिक चिकित्सालय झिलाय में भर्ती करवाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

सरकारी स्कूल पर आकाशीय बिजली गिरी

मालपुरा, (निसं)। उपखण्ड क्षेत्र के हिंडोला गांव में तेज गर्जना के साथ सरकारी स्कूल भवन पर आकाशीय बिजली गिरने से उपकरण जल गये। विद्यालय के शिक्षक सुरेश विजय ने बताया कि तेज गर्जना के साथ राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भवन पर बिजली गिरने से विद्यालय भवन में दारारें आ गई तो कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त भी हो गया। बिजली गिरने से विद्यालय में लगे कम्प्यूटर, प्रिंटर, इन्वर्टर, पंखें व लाइटें सहित अन्य उपकरण जल गये। वहीं शहर के दूदू रोड पर सड़क के बीच बने डिवाइडर पर नगरपालिका प्रशासन द्वारा लगाई गई रोड लाइटों की कंट्रोल डीपी के नंगे तार जमीन पर फैले होने से शनिवार को करंट प्रवाहित तारों की चपेट में आने से दूधारू भैंस अकाल मौत का शिकार हो गई।

युवक फांसी के फंदे पर झूला, मौत

भीलवाड़ा, (निसं)। शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र की आजाद नगर कॉलोनी में अज्ञात कारणों के चलते एक 32 वर्षीय युवक ने फांसी के फंदे पर झूल कर आत्महत्या कर ली। प्रताप नगर थाना अधिकारी गजेंद्र सिंह नरूका ने बताया क्षेत्र वासियों ने टेलीफोन के जरिए सूचना दी की क्षेत्र के एक मकान से अजीब सी बदबू आ रही है । इस आधार पर पुलिस ने गृह स्वामी के परिजनों से संपर्क कर मौके पर पहुंच देखा तो मकान के मुख्य द्वार का गेट अंदर से बंद था जिसे परिजनों की मौजूदगी में तोड़कर अंदर देखा गया तो पंखे से युवक की लाश लटकी हुई थी। पुलिस का कहना है कि यह लाश तीन से चार दिन पुरानी थी जो की सड़ गल चुकी थी। मृतक का नाम नंदकिशोर पिता जगदीश व्यास है जो की पूर्व में टेंट का व्यवसाय करता था। बुधवार को पिता से मिला था और उसके बाद से परिजनों के संपर्क में भी ही नहीं था।

OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER, PHED, CIRCLE BARMER

Tel:02982-220253, Email: edphed@gmail.com, secircle.barmer@rajasthan.gov.in

No. SE/PHE/Bmr/NIT 01/2024-25/1299-1316 Date: 23/07/2024

NOTICE INVITING BIDS NIB No. 2024-25/01

Bids for Work of

01	Annual Rate Contract for construction and commissioning of tube Wells By Rotary Rig Machine with P,L& J Of Pipe Line under Circle Barmer. UBN: PHE2425WSRC03167	120.00 Lacs.

are invited from interested bidders upto 13.08.2024 up to 6:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state; and departmental website.

DIPR/C/6539/2024

SUPERINTENDING ENGINEER
PHED CIRCLE BARMER

कार्यालय अधिशाषी सार्वजनिक निर्माण विभाग नगरखण्ड उदयपुर

S.No:TS/NIT File/2024-25/D- 1032 Date 18-07-2024

NOTICE INVITING BID (NO.06/2024-25)

Bids for Various Roads work in PWD City Division Udaipur are invited from insterested bidders upto 6.00 PM (time) 12-08-2024 (date). Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://Sppp.raj.nic.in) of the state; and departmental website.

SPPP NIB No, PWD2425A0804

S.No.	UBN No.
1	PWD2425WSOB03077
1	PWD2425WSOB03078

DIPR/C/6580/2024

(R.K.Mundra)
EXECUTIVE ENGINEER
PWD CITY DIVISION UDAIPUR

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PHED DIVISION KARAULI

PH NO.-07464-250219, E-Mail-ee.kar.phed@rajasthan.gov.in

Notice Inviting Bid

Bids for the work of solar installation under phed division karauli are invited from interested bidders up to 05.08.2024 Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal eproc.rajasthan.gov.in and sppp.raj.nic.in website.

NIB CODE:-PHE2425A1427

S.N.	NIT NO.	UBN	S.N.	NIT NO.	UBN
1	57/2024-25	PHE2425WSOB03158	2	58/2024-25	PHE2425WSOB03159
01	Total work		02		
02	Total Estimate Cost		28.50 Lac		
03	Bid submission end date		05.08.2024 up to 06.00 PM		
04	Bid opening date		06.08.2024 at 02.00 PM		

DIPR/C/6559/2024

(Prahlad Meena) Executive Engineer Public Health Engineering Department Division Karauli

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड सांचौर

क्रमांक-अअ / सांचोर/2024-25/533 दिनांक-22.07.2024

निविदा सूचना संख्या : 05 वर्ष 2024-2025

NIB No.: -.PWD 2425A0852

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से भवन निर्माण कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में भवन निर्माण कार्य जिनकी लागत राशि रू. 217.00 लाख है के लिए ईटेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदां आमंत्रित की जाती है।

ऑनलाईन निविदा आवेदन डाउनलोड एवं अपलोड करने की तारीख	25 जुलाई 2024, 9:30 बजे से 17 अगस्त 2024, सायं 06:00 बजे तक

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in व http://sppp.rajasthan.gov.in http:// eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया http:// eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन सम्पादित की जायेगी। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट पर http:// eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवष्यक है। कार्यवार यू.बी.एन संख्या निम्नानुसार है।

1. UBN: PWD2425WSOB03223

(ओम प्रकाश)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड सांचौर

DIPR/C/6578/2024

हिण्डौन में 27 जून से अब तक 335 एमएम बारिश

- पिछले 18 घंटे से रुक-रुक कर बूंदा-बांदी जारी
- जिला अस्पताल के इमरजेंसी गेट पर भरा पानी

हिण्डौन सिटी। क्षेत्र में शनिवार को मानसून मेहरबान रहा। यहां सुबह से रुक-रुक कर बरसात हो रही है। हिण्डौन में शुक्रवार देर रात बारिश शुरू हुई, जिसमें सुबह तक 2 एमएम बारिश दर्ज हुई। इसके बाद दोपहर को घने बादल छाए और बारिश शुरू हुई, जिससे तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट आई। हिंडौन में 27 जुलाई तक 335 एमएम बारिश हो चुकी है। आज बारिश के बाद लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली, वहीं कई क्षेत्रों में जलभराव बना रहा।

गौशाला रोड, मोक्षधाम, कटरा बाजार, मनीराम पार्क, और जिला अस्पताल मार्ग में बारिश होते ही सड़कों पर पानी भर गया। जिला अस्पताल के इमरजेंसी गेट पर पानी भरने से मरीजों को काफी परेशानी हुई। हिंडौन में दोपहर 2 बजे बाद तेज बारिश शुरू हुई। क्षेत्र के कई इलाकों में पिछली बारिश का पानी नहीं निकल पाया है। बाजना रोड पर जलभराव और टूटी हुई सड़कों से गुजरते हुए वाहन चालक काफी परेशान रहे। मौसम विभाग ने अगले 2-3 दिन मानसून के सक्रिय रहने की संभावना जताई है। इसी के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों में पानी भरा हुआ है, जिससे सरसों की बोई फसलें अंकुरित होकर डूब गई।

मैनेजर पर चाकू से हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

नौ चोकी पाल की पहाड़ी पर छिपा हुआ था आरोपी

पुलिस की गिरफ्त में चाकू से हमला करने वाला आरोपी।

राजसमंद, (निसं)। जिला मुख्यालय के मुखर्जी चौराहा स्थित सुपरमार्केट मैनेजर पर हमले के मामले में पुलिस ने एक बडी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही, एक नाबालिग को भी हिरासत में लिया गया है।

कांकरोली थानाधिकारी हनवंत सिंह सोढा ने बताया कि शुक्रवार को हुई चाकूबाजी की घटना के बाद से ही पुलिस टीम आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। कांकरोली पुलिस ने राजनगर पुलिस कंट्रोल रूम से अतिरिक्त बल बुलाकर शहर और आसपास के इलाकों में आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस को सूचना मिली कि मुख्य आरोपी रामचंद्र राजनगर के नौ चोकी पाल की दायीं पहाडी पर छिपा हुआ है। इस सूचना के आधार पर पुलिस दल तुरंत नौ चोकी पाल पहुंचा। वहां पुलिस को आरोपी की मोटरसाइकिल मिली जिससे उनकी जानकारी और पुख्ता हो गई। आरोपी पहाडी पर चढ कर घनी झाडियों में छिप गया। पुलिस भी आरोपी को पकडने के लिए पहाडी पर चढी, लेकिन अंधेरा होने के कारण और इलाके में तेंदुए के होने के कारण खोजी अभियान मुश्किल हो गया। पुलिस ने पहाडी को चारों ओर से घेर लिया और रात 1० बजे तक सर्च ऑपरेशन जारी रखा।

इस दौरान शुरू हुई बारीश ने खोजी अभियान को और कठिन बना दिया। रात 11 बजे जब आरोपी रामचंद्र भील पहाडी से उतरा तो पहले से घात लगाए पुलिस दल ने उसे दबोच लिया। वासोल निवासी रामचंद्र और उसका एक नाबालिग साथी इस वारदात में शामिल थे, जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया। रामचंद्र का मेडिकल परीक्षण करवाने के बाद उसे कांकरोली थाने लाया गया, जहां उसने अपना अपराध स्वीकार किया। पुलिस जांच में सामने आया है कि चाकूबाजी की इस घटना का मुख्य कारण आरोपी और सुपरमार्केट के मैनेजर के बीच काम को लेकर हुए विवाद था। मैनेजर द्वारा आरोपी को नौकरी से निकाले जाने पर आरोपी ने अपनी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचा हुआ महसूस किया और बदले की भावना से भर गया। इसी कारण वह अपने नाबालिग दोस्त के साथ मिलकर मैनेजर की पिटाई करने की योजना बनाई। घटना को अंजाम देने से पहले दोनों ने गांजा और शराब का सेवन किया जिससे उनका गुस्सा और बढ गया।

'संविदा पर लगे शिक्षकों को फिलहाल नहीं हटाया जायेगा'

बीकानेर। राजस्थान के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) एवं राजकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में एक साल के लिए संविदा पर लगाए गए साढ़े चार हजार शिक्षकों को आगामी निर्देश तक कार्य मुक्त नहीं किया जाएगा। इस संबंध में शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने आदेश जारी किए।

प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों (माध्यमिक) को भेजे आदेश में कहा गया है कि सहायक अध्यापक, लेवल-प्रथम व द्वितीय संविदा भर्ती 2023 के अन्तर्गत संविदा आधार पर नियुक्त सहायक अध्यापक (अंग्रेजी एवं विज्ञान-गणित) की एक वर्ष की संविदा अवधि पूर्ण हो रही है। ऐसे कार्यरत संविदा सहायक अध्यापकों को आगामी निर्देश प्राप्त होने तक विद्यालय से कार्यमुक्त नहीं किया जाए। इन सभी की उपस्थिति पूर्वानुसार नियमित रूप से उपस्थिति पंजिका में दर्ज की जाए। किसी भी विद्यालय में सहायक अध्यापकों को उपस्थिति दर्ज करने से मना करने पर समस्त दायित्व संस्था प्रधान का माना जाएगा।

राजस्थान के साढ़े चार हजार शिक्षकों को अंग्रेजी माध्यम में एक साल के लिए 16 हजार 900 रुपए प्रति माह पर लगाया गया था। इन शिक्षकों का कार्यकाल 28 जुलाई को समाप्त होने वाला था, जिसके बाद से इनमें जबरदस्त बेचैनी थी। लेकिन अब भजनलाल सरकार ने इन शिक्षकों को बड़ी राहत दी है।

निचले तबके को त्वरित न्याय मिलें, इसके लिए बार और बैंच संयुक्त रूप से प्रयास करें : बिरला

- 'सशक्त न्याय व्यवस्था विकसित भारत के संकल्प का मूल आधार है'

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर में हाईकोर्ट की प्लेटिनम जुबली के अवसर पर शनिवार को सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमीनार मे लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा- सबसे निचले तबके को त्वरित न्याय मिल सकें, इसके लिए बार और बैंच को संयुक्त रूप से प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा सशक्त न्याय व्यवस्था विकसित भारत के संकल्प का मूल आधार है। आम जनता को सुलभ, सस्ता और त्वरित न्याय दिलाने में न्यायालयों की भूमिका महत्वपूर्ण है। पेंडिंग मुकदमों के समाधान के लिए नवाचार और नवीन टेक्नॉलजी का अधिकतम उपयोग आवश्यक है।

जोधपुर हाईकोर्ट की प्लेटिनम जुबली पर आयोजित सेमिनार में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का स्वागत किया।

बिरला ने आज राजस्थान उच्च न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कि राजस्थान उच्च न्यायालय ने देश को कई अत्यंत विशिष्ट न्यायाधीश और प्रख्यात अधिवक्ता दिए हैं , जिन्होंने कानून और न्याय के क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक यात्रा में न्यायालय के निर्णयों ने राजस्थान सहित देश के सभी लोगों के हितों को सुरक्षित और सशक्त किया है। बिरला ने सशक्त न्याय व्यवस्था को विकसित भारत के संकल्प का मूल आधार बताया। उन्होंने कहा कि इस दिशा में सरकार और न्यायपालिका दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण है। आम जनता के लिए सुलभ, सस्ता और त्वरित न्याय की आवश्यकता पर ज़ोर देते हुए लोक सभा अध्यक्ष ने विचार व्यक्त किया कि इस दिशा में न्यायालयों की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है। सरकार ने न्याय व्यवस्था पर अनावश्यक बोझ कम करने के लिए कई वैधानिक परिवर्तन किए हैं, बिरला ने आशा व्यक्त की कि न्यायपालिका भी इस दिशा में बराबर की भूमिका निभाएगी। उन्होंने न्यायालयों में लंबित मुकदमों के निपटान और न्याय व्यवस्था की खामियों को दूर करने के लिए नए इनोवैशन और नई टेक्नॉलजी के अधिकतम उपयोग पर बल दिया।

उन्होंने युवाओं का आव्हान करते हुए कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में उनकी विशेष भूमिका रहेगी। सेमिनार में एडवोकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष रतना राम ठोलिया ने सभी सभी अतिथियों का स्वागत किया। सेमिनार में सुप्रीम कोर्ट के जज संदीप मेहता ने भी संबोधित किया। बताया- एक मामला ऐसा आया जब 14 साल से एक कैदी को पैरोल नहीं मिली। तब पता चला कि उसका नंबर नहीं आया। इसके बाद सभी कैदियों के लिए एक ऐप बनाया गया और कैदियों की जानकारी उस ऐप पर डाली गई। इस तरह से ई-प्रिजनर ऐप आया और सभी कैदियों की जानकारी उसमें है। यही व्यवस्था उन्होंने गुवाहाटी उच्च न्यायालय में करवाई। इस तरह से टेक्नॉलोजी से जेल में बंद हर कैदी को न्याय पहुंच रहा है। सुप्रीम कोर्ट के जज पंकज मित्तल ने बताया कहा राजस्थान हाईकोर्ट ने जिस तरह कॉज लिस्ट को प्रिंट करना बंद कर दिया, यह बड़ी उपलब्धि है। मैं जब इलाहबाद हाईकोर्ट में एक्सपेंडिचर कमेटी में था। तब कॉज लिस्ट का बकाया बिल करीब 63 करोड़ रुपए था, जो गर्वमेंट प्रेस को देना था।

उन्होंने कहा कि कॉज लिस्ट ऑनलाइन करने से काफी पैसा बचा है। पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी कार्य किया है। विधि मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा- विधानसभा भी जल्द ही पेपर लेस होगी। उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट में जिस तरह टेक्नोलॉजी का उपयोग हो रहा है, विधानसभा में भी होगा। कार्यक्रम में जस्टिस पुष्पेंद्र सिंह भाटी ने राजस्थान हाईकोर्ट में उपयोग की जाने वाली टेक्नोलॉजी से अवगत करवाया। कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट जज पंकज मित्तल, जज संदीप मेहता,राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव व अधिवक्ता मौजूद रहे।

राजस्थान सरकार का उपक्रम

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN



स्थापित करें नए उद्यम
विकास की ओर बढ़ाएं कदम

सरल ई-नीलामी के माध्यम से

आधारभूत सुविधाओं युक्त औद्योगिक क्षेत्रों में करें उद्यम की स्थापना

कुल भूखण्ड	औद्योगिक भूखण्ड	व्यावसायिक भूखण्ड	दुकानें	कियोस्क
77	57	5	14	1

ईएमडी
प्रारम्भ तिथि : 29 जुलाई, 2024 (प्रातः 10:00 बजे)
अंतिम तिथि : 12 अगस्त, 2024 (सायं 06:00 बजे)

ऑनलाईन बिड
प्रारम्भ तिथि : 13 अगस्त, 2024 (प्रातः 10:00 बजे)
अंतिम तिथि : 16 अगस्त, 2024 (सायं 05:00 बजे)

05 आबू रोड़	07 अजमेर	04 अलवर	02 बालोतरा	03 बांसवाड़ा
03 भीलवाड़ा	08 भिवाड़ी-II	02 बीकानेर	01 दौसा	01 घिलोठ
05 जयपुर (उत्तर)	02 जयपुर (दक्षिण)	02 ईपीआईपी, सीतापुरा (जयपुर)	02 झालावाड़	03 जोधपुर
01 कोटा	04 किशनगढ़	07 नागौर	01 नीमराना	02 पाली
03 राजसमंद	02 सवाई माधोपुर	02 सीकर	03 श्रीगंगानगर	02 उदयपुर

*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किस्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान
या
टर्म लोन स्कीम के तहत भूमि की लागत का 75% तक का ऋण 5 साल की पुनर्भुगतान अवधि एवं 8.5% ब्याज के साथ*

*T&C Apply

सामान्य प्रश्नों के लिए स्कैन करें

Raj.Samwad/C/24/2912

राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड

उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005

ई-नीलामी हैल्पलाइन नं. 0141-4593250, 4593237, व्हाट्सएपः +91 9001306515, ई-मेलः riico@riico.co.in

ईएमडी विवरण, रजिस्ट्रेशन एवं भूखण्ड से सम्बंधित जानकारी के लिए देखें www.riico.co.in

जयपुर में आधे घंटे में करीब एक इंच बारिश दर्ज, सड़कों पर जलभराव में फंसे रहे वाहन

सीकर रोड, मुरलीपुरा, कालवाड़ रोड, विद्याधर नगर, निवारू रोड और 200 फीट बाईपास पर अजमेर पुलिया के पास पानी भरने के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानियां हुई

जयपुर (कासं)। राजधानी जयपुर में दिनभर की उमस के बाद शाम करीब 4 बजे आधे घंटे तक तेज बारिश हुई। देखते ही देखते शहर की कई प्रमुख सड़कों पर जलभराव हो गया। हालांकि आगरा रोड, दिल्ली बाईपास, आमेर, मालवीय नगर व सांगानेर क्षेत्र में हल्की बारिश हुई।

शहर के उत्तरी-पश्चिमी इलाकों जैसे सीकर रोड, मुरलीपुरा, विद्याधर, कालवाड़ रोड, निवारू रोड, अजमेर रोड पर 200 फीट सड़क के पास सड़कें तालाब में तब्दील हो गयी। यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानियां उठानी पड़ी। सड़कों पर ट्रेफिक जैसे थम सा गया। कंट्रोलरूम कलेक्ट्रेट से मिली जानकारी के मुताबिक शाम 5 बजे तक कलेक्ट्री सर्किल पर करीब 1 इंच बारिश दर्ज की गई। बारिश के कारण शहर की अधिकांश डामर सड़कें जर्जर हो चुकी है, लेकिन इन्हें दुरुस्त करने का काम नहीं किया जा रहा। इस कारण आमजन को पैदल तथा दुपहिया वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानियां उठानी पड़ रही है। टूटी सड़कों के कारण ट्रेफिक जाम की समस्या भी बढ़ी है।

■ **बारिश के कारण शहर की अधिकांश सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढे हुए, इन्हें दुरुस्त नहीं किए जाने के कारण रोजाना लग रहा ट्रेफिक जाम**

शहर के आसमां में दिनभर बादलों की उमड़-घुमड़ के बाद शनिवार दोपहर तेज हवाओं के साथ करीब आधे घंटे झमाझम बारिश हुई। विद्याधर नगर में स्टेडियम रोड पर बारिश का पानी भरने के कारण यहां से गुजरने वाले लोगों को काफी परेशानी हुई।

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि उत्तरी बंगाल की खाड़ी व बांग्लादेश, पश्चिम बंगाल तट पर एक कम दबाव का क्षेत्र बन गया है। मानसून ट्रफ लाइन अपने सामान्य अवस्था में है। पूर्वी राजस्थान के अनेक स्थानों पर आगामी एक सप्ताह मानसून सक्रिय रहने तथा अधिकांश स्थानों पर बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है। इस दौरान कोटा, उदयपुर संभाग में कहीं-कहीं भारी व एक दो स्थानों पर अति भारी बारिश होने की संभावना है।

भरतपुर, जयपुर, अजमेर, बीकानेर व जोधपुर संभाग के भी कुछ भागों में मध्यम व कहीं-कहीं तेज बारिश होने की संभावना है। अगले चार-पांच दिन बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर व बीकानेर संभाग के अनेक स्थानों पर 29 से 31 जुलाई के दौरान बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने और अनेक स्थानों पर हल्के से मध्यम व कहीं-कहीं तेज बारिश होने की संभावना है। शनिवार को भी 10 से अधिक जिलों के लिए अलर्ट जारी किया गया है।

वर्चुअल और फोटो प्रदर्शनी में साकार हुई "बाघों की दुनिया"

जवाहर कला केन्द्र में जयपुर टाइगर फेस्टिवल शुरू

जयपुर । इंटरनेशनल टाइगर डे के मद्देनजर राजस्थान हैरिटेज, आर्ट एंड कल्चरल फाउंडेशन की ओर से जवाहर कला केन्द्र में आयोजित छठे जयपुर टाइगर फेस्टिवल (जेटीएफ) का शनिवार को उद्घाटन हुआ। गेस्ट ऑफ ऑनर पूर्व आई.ए.एस. पवन अरोड़ा, डॉ. एस.एस. अग्रवाल चेयरमैन जोधपुर, एम्स, विश्व विख्यात वाइल्ड लाइफ फिल्म मेकर और 5 बार के प्रेसिडेंट अवॉर्ड विजेता एस. नल्लामुथु, पूर्व मुख्य सचिव राजीव स्वरूप, फेस्टिवल के फाउंडर पेट्रन धीरेन्द्र के गोधा ने दीप जलाकर फेस्टिवल की शुरुआत की।

जवाहर कला केन्द्र की अलंकार गैलेरी में बाघों की फोटो प्रदर्शनी और वर्चुअल दृश्य देखने के लिए बड़ी संख्या में युवा व बच्चे पहुंचे।

फेस्टिवल के अंतर्गत अलंकार गैलरी में देश-दुनिया के वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर्स की 200 से अधिक फोटो की प्रदर्शनी लगाई गयी है। फेस्टिवल को लेकर लोगों में उत्साह पहले दिन ही देखते ही बना। बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने प्रदर्शनी विजिट की और बाघों की जिंदगी को करीब से देखा। इस दौरान आईएफएस संग्राम सिंह, सरिस्का टाइगर फाउंडेशन के फाउंडर सेक्रेटरी दिनेश दुर्रानी, रणथंभौर के प्रसिद्ध चित्रकार मुरलीधर पाराशर, नेशनल नेचर सोसाइटी के फाउंडर राजकुमार चौहान आदि गणमान्य भी मौजूद रहे।

सबसे खास बात यह है कि जेटीएफ के दौरान अलंकार गैलरी में बाघों की दुनिया साकार हुई। पहली बार बाघों से जुड़े किसी आयोजन में वीआर तकनीक का प्रयोग कर वन्यजीव प्रेमियों को बाघों की दुनिया में भेजा गया। लोगों ने वीआर शो में जंगल में बाघों की अठखेलियों को देखा और सुखद अनुभव प्राप्त किया। इसी के साथ फेस्टिवल में लाइव टाइगर पेंटिंग, टाइगर स्टोरी, मूवी स्क्रीनिंग, पोस्टल स्टाम्प एग्जीबिशन आदि एक्टिविटी भी की जा रही है।

जेटीएफ के फाउंडर पेट्रन धीरेन्द्र के. गोधा ने बताया कि फेस्टिवल का मुख्य उद्देश्य टाइगर के विषय में जागरुकता फैलाना है जिससे जंगल, जानवर, पर्यावरण सभी सुरक्षित रहे। पहली बार जंगल का लाइव एक्सपीरियंस देने के लिए पीवीआर तकनीक का प्रयोग यहां किया गया। जेटीएफ अध्यक्ष संजय खवाड़ ने बताया कि हर बार की तरह इस बार भी जेटीएफ वन्यजीव प्रेमियों को सुनहरे और सुखद अनुभव प्रदान करेगा। सचिव आनंद अग्रवाल ने बताया कि बडी संख्या में बच्चे टाइगर से जुडे इसलिए स्कूली बच्चों को आमंत्रित किया गया है।

बताया जा रहा है कि 29 जुलाई इंटरनेशनल टाइगर डे पर शाम पांच बजे टाइगर टेल्स टॉक शो होगा। इसमें 5 बार के प्रेसिडेंट अवॉर्ड विजेता और विश्व विख्यात वाइल्ड लाइफ फिल्म मेकर एस. नल्लामुथु, टाइगर मैन के नाम से प्रसिद्ध दौलत सिंह शक्तावत, महाराष्ट्र ईको टूरिज्म बोर्ड की गर्वनिंग काउंसिल के मेंबर और स्टेट वाइल्ड लाइफ बोर्ड के पूर्व सदस्य सुनील मेहता और मध्य प्रदेश के वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर मनीष कालानी (जिन्होंने बाघिन मछली की फैमिली ट्री पर किताब लिखी है) विचार रखेंगे।

जयपुर पुलिस ने पांच घंटे में गिरफ्तार किए 344 बदमाश

जयपुर । जयपुर कमिश्नरेट पुलिस ने शनिवार को चालानशुदा बदमाशों के खिलाफ अभियान चलाकर एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने 1007 चालानशुदा बदमाशों के ठिकानों पर दबिश दी और 344 बदमाशों को गिरफ्तार दबोच किया। इस पूरी कार्रवाई को पुलिस ने पांच घंटे में अंजाम दिया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस पूछताछ के लिए 418 बदमाशों को पकड़कर थाने लाई थी जिसमें से पूछताछ के बाद 344 बदमाशों को अरेस्ट किया गया है।बदमाशों के पास से 16 संदिग्ध वाहन भी जब्त किए है।

■ **पुलिस ने 1007 चालानशुदा बदमाशों के ठिकानों पर दबिश दी थी**

पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए और सख्त कानूनी कार्रवाई के लिए आर्म्स एक्ट और स्नेचिंग के चालानशुदा अपराधियों को पकड़ने की प्लानिंग की गई। पुलिस अधिकारियों सहित 3 हजार पुलिसकर्मियों ने शनिवार तड़के शहरभर में अपराधियों को पकड़ने के लिए शहरभर में दबिश दी। इस कार्रवाई के लिए गठित टीमों ने अलग-अलग जगहों पर दबिश देकर 418 लोगों को पकडा और पूछताछ एवं तस्दीक के साथ 344 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

इनमें आबकारी अधिनियम में 14, धारा 170 बीएनएसएस में 264, धारा 129 बीएनएसएस में 4, धारा 126/135 बीएनएसएस में 6, स्थाई गिरफ्तारी वारंट में 40 एवं पूर्व के प्रकरणों में वांछित 16 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। शहर में बढ़ती आपराधिक गतिविधियों, गैंग अपराधों पर अंकुश, अपराधियों में डर व आमजन में विश्वास कायम रखने, अपराधों पर लगाम लगाने के लिए ,अपराधियों की गतिविधियों पर लगातार निगरानी कर उन्हें पुनः संगठित होकर अपराध करने से रोकना तथा यदि उनके पास कोई अवैध हथियार, चोरी के वाहन, अन्य कोई आपत्तिजनक सामग्री मिले तो उसे जब्त कर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण करने, अपराधियों की सामाजिक प्रतिष्ठा को क्षित करना, अपराधी के निवास स्थान के क्षेत्रवासियों में सुरक्षा भावना पैदा करना, गैंग अपराधों का अंकुश लगाना,फायर आर्म्स के प्रयोग पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस टीमों द्वारा शहर में कार्यवाही की गई।

दो महिलाओं समेत आठ फरार वारंटी गिरफ्तार किए

जयपुर । आदर्श नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे दो महिलाओं सहित आठ वारंटियों को गिरफ्तार किया है और एक अन्य व्यक्ति को शांति भंग में पकड़ा है। इसके साथ ही विशेष अभियान के दौरान चौदह वांरटों का निस्तारण भी किया गया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि वांछित आरोपितों की धर-पकड के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत रामनगरिया थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए केसरी देवी निवासी जवाहर नगर,पदमा देवी निवासी घाटगेट,कमलेश कुमार शर्मा निवासी जमवारामगढ जिला जयपुर,मोहम्मद जाकिर निवासी आदर्श नगर,सलमान खान निवासी जवाहर नगर, हीरालाल महावर निवासी ब्रह्मपुरी, मनीष स्वामी निवासी जगतपुरा जयपुर,मोहम्मद जाकिर निवासी आदर्श नगर व जीशान निवासी सोडाला को गिरफ्तार किया।

नीट की तैयारी कर रही छात्रा 5वीं मंजिल से कूदी

युवती ने एक दिन पहले ही परिवारजनों व दोस्तों के साथ मनाया था 18वां जन्मदिन

जयपुर (कासं)। परिवार के साथ अपना 18वां जन्मदिन मनाने के दूसरे दिन युवती ने बिल्डिंग की 5वीं मंजिल से छलांग लगाकर सुसाइड कर लिया। वह नीट परीक्षा की तैयारी कर रही थी। मरने से पहले एक सुसाइड नोट भी लिखा, जिसमें परिजनों से माफी मांगी है। विद्याधर नगर थाना पुलिस ने सुसाइड नोट जब्त किया है। शव को कांवटिया हॉस्पिटल की मॉर्च्यूरी में रखवाया गया है।

पुलिस ने बताया कि छात्रा यति अग्रवाल (18) द्वारिका अपार्टमेंट विद्याधर नगर की रहने वाली थी। उसने 12वीं क्लास पास कर नीट परीक्षा की कोचिंग कर रही थी। गुरुवार को उसका जन्मदिन था। उसने अपना 18वां जन्मदिन अपने परिवार और दोस्तों के साथ मिलकर मनाया था। शुक्रवार को उसने बिल्डिंग की 5वीं मंजिल से छलांग लगाकर सुसाइड कर लिया।

छात्रा को लहूलुहान हालत में जमीन पर गिरा देखकर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए कांवटिया हॉस्पिटल लेकर गई। पुलिस को मृतका के पास से नोटबुक में एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें परिवार की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरने के लिए माफी मांगी है। पुलिस ने सुसाइड नोट लिखी नोटबुक को जब्त किया है।

सार-समाचार

आवास फाइनेंस लगाएगा 10 हजार पौधे

जयपुर (कासं)। वर्ल्ड नेचर कंजर्वेशन डे के अवसर पर आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड की ओर से कॉरपोरेट सोश्यल रिस्पांसिबिलिटी के तहत शनिवार को आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय सांगानेर में 100 पौधे लगाकर "वृक्षारोपण अभियान" की शुरुआत की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संघ प्रचारक निंबाराम ने पर्यावरण संरक्षण की महत्ता के बारे बच्चों को बताते हुए पेड़ लगाने, प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने एवं अपने आस-पास साफ सफाई रखने के बारे में बताया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि समाजसेवी प्रताप राव और आवास फाइनेंसियर्स के सीसीओ सुरेंद्र सिहाग ने भी इस अवसर पर पारिस्थितिकी तंत्र को संरक्षित करने की महत्ता पर प्रकाश डाला। गौरतलब है कि आवास फाइनेंसियर्स ने इस साल 10 हजार पौधे लगाने का संकल्प लिया है। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए पीने के ठंडे एवं शुद्ध पानी की सुविधा के लिए आवास फाइनेंसियर्स ने वाटर कूलर भी समर्पित किया। कार्यक्रम के अंत में सीएसआर हैड मुकेश पुरोहित ने अतिथियों और विद्यालय प्रशासन को धन्यवाद दिया।

शहीद के परिजनों को तेल चित्र भेंट

जयपुर । कारगिल विजय दिवस के अवसर पर चित्रकार चंद्रप्रकाश गुप्ता और गुर्जर महासभा (युवा) के प्रदेश अध्यक्ष गौरव गुर्जर व मोहन गुर्जर व योगेश गुर्जर ने शहीद के पैतृक गांव दौसा जिले के महुआ तहसील की तालचिड़ी पंचायत के कंचनपुरा गांव पहुंचकर उनकी माता कमला देवी व पिता भीमसिंह गुर्जर को भेंट किया। शहीद का जीवंत तैल चित्र देखकर शहीद की माता कमला देवी भावविह्लल हो गई और उनकी अश्रुघारा बह उठी। इस दौरान शहीद के परिजनों की समस्याओं के निदान हेतु गौरव गुर्जर ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया। उल्लेखनीय है कि चित्रकार गुप्ता पिछले 25 सालों से निरंतर शहीद के गांव-ढाणी पहुंचकर उनके परिजनों को तैलचित्र भेंट करते हैं।

डॉक्टर्स म्यूजिक प्रीमियम लीग शुरू

जयपुर । एसबीआई डीएमपीएल के तीसरे संस्करण का शुभारंभ शनिवार को आर.आई.सी. जयपुर में हुआ। ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ. संजीव गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि फर्स्ट इंडिया न्यूज़ के सीईओ व मैनेजिंग एडिटर पवन अरोड़ा रहे, जबकि एसबीआई बैंक के रीजनल मैनेजर एम.जी.व्यास ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। तीन दिवसीय लीग का फाइनल 28 जुलाई को होगा। लीग आयोजन सचिव डॉ. अनिल यादव ने बताया कि उदघाटन सत्र के मुख्य अतिथि पवन अरोड़ा ने इस प्रतियोगिता के फॉर्मेट की तारीफ़ करते हुए इसके सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएँ दी।एसबीआई बैंक के रीजनल मैनेजर एम.जी.व्यास ने कहा कि डॉक्टर्स भगवान का दूसरा रूप है। डॉक्टर्स के इस कार्यक्रम में आकर व उन्हें सुनकर मुझे पूर्ण विश्वास है लीग सफल व यादगार रहेगी इस अवसर पर उन्होंने डॉक्टर्स के लिए एसबीआई बैंक की विभिन्न योजनाओं कि जानकारी दी। आयोजन सचिव डॉ अनिल यादव ने बताया कि इस प्रतियोगिता में इस बार विभिन्न अस्पतालों की आठ टीमें हिस्सा ले रही है ।

मो.रफी के तरानों से झूमे श्रोता

जयपुर । बॉलीवुड के लीजेंडरी प्लेबैक सिंगर मो.रफी की 44वीं बरसी पर यहां जेएलएन मार्ग स्थित कलानेरी आर्ट गैलेरी प्रांगण में साज और आवाज कल्चरल सोसायटी की ओर से शनिवार को दिल देके देखो जी... रंगारंग म्यूजिकल नाइट संजोई गई। इसमें शहर के कई नामी कलाकारों ने अपनी पुरकशिश आवाज़ में मो.रफी के गाए कई नगमों को पिरोकर श्रोताओं के दिलों को छू लिया। कार्यक्रम में पूर्व जज व सिंगर केपी सिंगर केपी सक्सैना ने अकेले हैं चले आओ..., आवाज देके हमें तुम बुलाओ...जैसे गीतों को सुर और लय की बेहतरीन बानगी के साथ पेश कर माहौल में मो.रफी की गायकी की मिठास घोल दी। प्रियांक अग्रवाल ने तुमने मुझे देखा..., एमए खान ने बदन पे सितारे... समेत कई गानों पर प्रस्तुति दी।

अपहरण कर युवक से लूटपाट

जयपुर । मानसरोवर थाना इलाके में कार सवार बदमाशों ने अपहरण कर एक युवक को लूट लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि बाहुबली नगर विस्तार मुहाना निवासी शुभम जांगिड़ (26) ने मामला दर्ज करवाया कि वह किरण पथ में पार्क के पास बाइक पर बैठा था। इसी दौरान लाल कलर की कार में चार लड़के सवार होकर आए। कार से उतरकर बदमाशों ने जबरन उसे गाडी में डाल लिया। चलती कार में उसके साथ मारपीट कर भांकरोटा ले गए। सुनसान जगह ले जाकर मारपीट की। धमकी देकर बैंक अकाउंट से ऑनलाइन 34 हजार 700 रुपए ट्रांसफर कर लिए। कार में बैठाकर करीब एक घंटे तक इधर-उधर घुमाते रहे। रुपए वसूलने के बाद धमकाते हुए श्याम नगर नाले के पास पटक कर चले गए। मानसरोवर थाने में पीड़ित ने कार सवार बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने पीड़ित की चोटों का मेडिकल करवाकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

नाटक '12 एंग्री मैन' का मंचन

जयपुर । जवाहर कला केंद्र की सहभागिता में जारी नटराज महोत्सव के 5वें दिन शनिवार को नाटक '12 एंग्री मैन' का मंचन हुआ। नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से स्नातक कर चुके विशाल विजय के निर्देशन में फोर्थ वॉल ड्रामेटिक सोसाइटी के कलाकारों ने बेहतरीन अभिनय से रंगकर्मियों ने सुधि दर्शकों को एकटक नाटक देखने पर मजबूर कर दिया। आलम यह रहा कि रंगायन सभागार दर्शकों से पूरी तरह आबाद नजर आया।

इससे पुलिस को पता चल गया कि वारदात करने वाला बदमाश आदतन अपराधी है। इस पर पुलिस टीम ने चोरी करने वाले बदमाशों की सूची तैयार की। टीम ने पीड़िता के घर के आसपास लगे हुए सीसीटीवी कैमरों को चैक किया। संदिग्ध को चिह्नित कर उसके आने जाने के रास्ते को चिह्नित किया गया। इस दौरान रास्ते में लगे सैकड़ों सीसीटीवी कैमरे चौक किए गए। सीसीटीवी में आ रहे हुलिए के अनुसार आरोपित मनीष स्वामी उर्फ मन्नू उर्फ मन्या निवासी शास्त्रीनगर हाल हरमाड़ा जयपुर को गिरफ्तार किया गया। आरोपित से चोरी किया गया कुछ माल भी बरामद हो गया। पुलिस पूछताछ में आरोपित से बताया कि वह नशे का आदि है। नशा करने के लिए वह कुछ भी चोरी कर लेता है। उसके कुछ अन्य साथी हैं। जो लोग चोरी की वारदात करते हैं। पुलिस उनकी भी तलाश में लग गई है।

रावतभाटा में बारिश का दौर जारी

रावतभाटा, (निसं)। रावतभाटा उपखंड क्षेत्र के नगर एवं ग्रामीण अंचल में इन्द्रदेव मेहबान हुए। क्षेत्र में तेज बारिश का दौर शुक्रवार रात्रि से शनिवार रात्रि तक जारी रहा। बारिश होने के बाद ठंडी हवाएं चलने से तापमान में काफी कमी आ गई। इससे मौसम सुहाना हो गया। विशेषज्ञों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ से मौसम में आए बदलाव का फायदा क दिन तक मिलेगा। जिले का औसत तापमान न्यूनतम 26 और अधिकतम 30 डिग्री सेल्सियस रहा। शहर में क क्षेत्रों में अच्छी बारिश भी हुई। इससे जलभराव की स्थिति भी देखने को मिली। 2 दिन से चल रही तेज बारिश से नगर की सड़क पुलिया, छोटे-बडे नाले एवं ग्रामीण क्षेत्र में स्थित तालाब, बावडीयां, छोटे नाले, पुलिया पर पानी उफान पर बहने लगा। बारिश के दौर से किसानों ने राहत की सांस ली।

रावतभाटा तहसील क्षेत्र एंव ग्रामीण अंचल क्षेत्र में शनिवार को सुबह से काली घटाएं छायी रही। प्रातः से सायं तक रूक-रूक कर मुसलाधार एंव तेज हवा के साथ आए पानी से लोगों ने वर्शा का मजा लेते हुए लोगों ने पिकनिक, तीर्थस्थलों आदि जगहों पर आन्दद उठाया। अपरान्ह से उमड़ रही काली घटाओं एंव तेज हवा के साथ सबसे तेज वर्शा आने लगीं। जो रात्रि तक जारी रही। षानिवार अपरान्ह एंव सांय तेज हवा के साथ आई बारिष से दिन में रात जैसा एहसास होने लगा। तहसील क्षेत्र मे तेज हवा के साथ बरसात आने से कई छोटे-बड़े नाले उफान पर बह निकले एंव सडकों में पडे गडड्ो की वजह से दुपहिया वाहनों वालो को चलाने में दिक्कतें महसूस होने लगी एंव बड़ी गााडियां धीमि गति से चल रही थी। आकाश में काली घटा छाई एंव घुमडकर क्षेत्र में तेज मुसलाधार वर्शा हुई। वर्शा से आकाष में बिजलीयों की गडगडहाहट के बिच तेज वर्शा से आम जनजीवन रूक सा गया। इस वर्शा के साथ ही सड़को पर पानी बह निकला एवं लोगों ने ठड़क का अहसास हुआ।

हैपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम का प्रदेश में हो रहा सुचारू संचालन

सात माह में 3 लाख 51 हजार की स्क्रीनिंग

जयपुर। प्रदेश में राष्ट्रीय वायरल हैपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम का सुचारू संचालन कर हैपेटाइटिस-बी एवं सी के उन्मूलन की दिशा में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। वर्ष 2019 में प्रारम्भ किए गए इस कार्यक्रम के तहत वर्ष 2030 तक हैपेटाइटिस सी के उन्मूलन का लक्ष्य रखा गया है।

प्रदेश में दिसम्बर 2023 से अब तक 3 लाख 51 हजार से अधिक लोगों की हैपेटाइटिस बी एवं सी के लिए स्क्रीनिंग की गई। इनमें से 2 लाख 61 हजार से अधिक लोगों की हैपेटाइटिस-बी के लिए स्क्रीनिंग की गई। जिनमें 8 हजार 400 मरीज पॉजिटिव पाए गए। इनमें वायरल लोड के लिए पाए गए 2 हजार 892 रोगियों में 1005 रोगियों का उपचार प्रारम्भ किया गया है। इसी प्रकार इस अवधि में हैपेटाइटिस सी के लिए स्क्रीन किए गए 90 हजार से अधिक रोगियों में 2622 से अधिक रोगी हैपेटाइटिस सी के पॉजिटिव पाए गए। इनमें से वायरल लोड वाले 1542 रोगियों में से 896 उपचार योग्य रोगियों का इलाज प्रारम्भ किया गया है। इनमें से 477 रोगियों का उपचार पूर्ण हो चुका है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय वायरल हैपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हैपेटाइटिस बी, सी, ए एवं ई से होने वाली मृत्यु एवं जोखिम में कमी लाना है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के प्रबंधन के लिए राज्य स्तर पर मैनेजमेंट यूनिट संचालित की जा रही है। इस रोग के जांच एवं उपचार के लिए जयपुर, जोधपुर, उदयपुर एवं अजमेर में मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध अस्पतालों में मॉडल ट्रीटमेंट सेन्टर तथा माइक्रोबायोलॉजी विभाग में स्टेट लैब का संचालन किया जा रहा है।

प्रदेश में 35 जिला अस्पतालों में ट्रीटीमेंट सेन्टर एवं लैब संचालित की जा रही है। वर्ष 2024-25 में नए जिलों में ट्रीटमेंट सेन्टर एवं लैब प्रारम्भ करने की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी जेलों, नारी निकेतन, किशोर गृह आदि में भी हैपेटाइटिस संबंधी रोगों की स्क्रीनिंग कर रोगियों का उपचार संबंधित ट्रीटमेंट सेन्टर पर किया जाता है। इसी प्रकार उच्च जोखिम वाले समूहों में भी स्क्रीनिंग एवं उपचार कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।

संक्षिप्त

अग्रवाल का स्वागत किया

चौमूं/कालाडेरा, (निसं)। राजस्थान भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी डॉ. राधा मोहनदास अग्रवाल का सीकर के पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व चौमूं के पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने उनके दिल्ली स्थित आवास पहुंचकर उनका स्वागत किया व उन्हें आगामी कार्यकाल की शुभकामनाएं और बधाई दी। शर्मा ने कहा कि आपके मार्गदर्शन में प्रदेश भाजपा संगठन नई ऊंचाईयां प्राप्त करे ऐसी हार्दिक मंगलकामना करते है।

मदन राठौड़ का स्वागत किया

चौमूं/कालाडेरा, (निसं)। राजस्थान भाजपा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ से भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व चौमूं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने उनके दिल्ली स्थित आवास पहुँचकर स्वागत किया साथ ही उन्हें आगामी कार्यकाल की शुभकामनाएं और बधाई दी।

पैदलयात्रा आज रवाना होगी

पीपलू, (निसं)। संदेड़ा फार्म से चितौडगढ जिले के मण्डफिया स्थित सांवलिया सेठ के दर्शनों को लिए 14 वीं पैदलयात्रा रविवार सुबह श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर से धूमधाम से रवाना होगी।

रात्रि में करीब 6 घंटे विद्युत आपूर्ति बंद रहने से लोग हुए परेशान

राजगढ़, (निसं)। विद्युत वितरण निगम की निष्क्रियता एवं अधिकारियों की अनदेखी के कारण शुक्रवार रात्रि को करीब 6 घंटे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। विपरीत मौसम एवं उमस के बीच घरों में रहना मुश्किल हो गया वहीं बच्चों व बुजुर्गों का जनजीवन दुश्वार बन गया।

शुक्रवार रात्रि करीब 8 बजे से 2 विद्युत आपूर्ति सुचारू नहीं होने से लोगों का जनजीवन प्रभावित रहा। विदित रहे

रात्रि 8 बजे से 2 बजे तक बिजली बंद रहने से जनजीवन प्रभावित हुआ

कि वितरण निगम के अधिकारियों की ओर से प्रॉपर मॉनिटरिंग एवं देखरेख नहीं करने के कारण समस्या और गंभीर हो जाती है। कस्बे के गोविंद जी मंदिर के पास वाटर वर्क्स को जाने वाली गली में जम्पर उड़ जाने के कारण शिकायत दर्ज कराई। मगर 2 घंटे तक विद्युत सुधार गाड़ी के नहीं आने की वजह से लोग सड़कों पर घूमते रहे। विद्युत वितरण निगम के पूछताछ कार्यालय एवं अधिकारियों की ओर से कोई संतोष जनक जवाब नहीं मिलने के कारण आमजन बेचैन रहा।

प्रतिदिन हो रही समस्या के बाद भी विद्युत वितरण निगम के अधिकारियों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती। इसके कारण लोगों की परेशानी जस की तस बनी रहती है। 8 के पश्चात 10:40 पर विद्युत आपूर्ति सुचारु होने के पश्चात केवल 8 मिनट में ही दोबारा गुल हो गई। विद्युत वितरण निगम की ओर से ठेके पर लगे कार्मिकों के अथक प्रयास के बाद भी बार-बार ट्रिप होने की समस्या का पता नहीं लगा। करीब आधा दर्जन बार कर्मचारियों की ओर से सिटी प्रथम कैसे शटडाउन लेने के बाद विद्युत वितरण निगम में तैनात कर्मचारी भी शटडाउन देने में आना कानी करने लगा। इस अव्यवस्था में रात्रि के 2: बज गए। इधर निगम के अधिकारियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। मरम्मत कार्य में लगे लाइनमैन की सूझबूझ से रात्रि को वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर रोड लाइट से कनेक्ट कर घरों की आपूर्ति 2:30 बजे सुचारू कराई। विद्युत भार में बढ़ोतरी के बावजूद ट्रांसफार्मर की व्यवस्था नहीं करने एवं बढ़ते विद्युत भार को कम करने का कोई प्रबंध नहीं होने से प्रतिदिन तार टूटने एवं फॉल्ट ट्रिपिंग की घटनाएं होती है। कस्बे में विद्युत पोलों पर विद्युत तारों के मकड़जाल एवं विद्युत लाइनों के करीब चार-पांच दशक से नहीं बदलने के कारण समस्याएंगंभीर है। जागरूक लोगों ने विद्युत आपूर्ति में सुधार नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

गोविंद देव जी मंदिर के समीप विद्युत पोल पर तारों का जमावड़ा लगा हुआ है।

45 दिवसीय भंडारे का शुभारम्भ 6 अगस्त से

पीपलू, (निसं)। उपखंड क्षेत्र के रानोली सामुदायिक भवन परिसर में शनिवार को कल्याण जन सेवा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेकर 6 अगस्त को सुबह शुभ मुहूर्त में पूजा अर्चना करते हुए भंडारे का शुभारंभ करने का निर्णय लिया गया।

इस दौरान खाना बनने वाले हलवाई, टेंट, पानी, ठहरने की व्यवस्था के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही 19 सितंबर तक भंडारे में 24 घंटे पदयात्रियों के लिए भोजन करने व विश्राम करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

समिति सदस्यों ने बताया कि लगातार 17 वा भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इसमें कस्बे क्षेत्र से निकलने वाली डिग्गी कल्याण जी महाराज के जाने वाली, बाबा रामदेव रुणीचा जाने वाली, गणेश जी महाराज रणथंभौर सवाईमाधोपुर, खेड़ा बालाजी, देवनारायण मंदिर जोधपुरिया व चौथ माता आदि के लिए जाने वाली सभी पदयात्राओं के लिए भोजन एवं ठहरने की व्यवस्था नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। पदयात्रियों की सेवा के लिए गांव के कही युवा दिन रात मौजूद रह कर पदयात्रियों की निस्वार्थ सेवा करेंगे। बैठक में पूर्व सरपंच रामलाल मीणा, पूर्व उपसरपंच जगदीश यादव, रामेश्वर सैनी, पवन कुमार स्वामी, विरमदेव तंवर, दयाराम बैरवा, ताराचंद तंवर, आशीष जैन, बद्री नारायण स्वर्णकार व गुलाब चंद तंवर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

सार-समाचार

यूडीएच मंत्री खर्रा ने सुनी फरियादें

श्रीमाधोपुर, (निसं)। एक दिवसीय दौरे के दौरान क्षेत्रीय विधायक तथा यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने शनिवार को अपने निजी आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं तथा आमजन की फरियादें सुनकर मौके पर ही समस्याओं का निस्तारण किया। शनिवार को यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा श्रीमाधोपुर पहुंचे थे इस दौरान उन्होंने करीब 1 घंटे तक अपने भारणी निजी आवास पर लोगों की समस्याएं सुनकर उनका त्वरित गति से समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके बाद मंत्री नारनौल के लिए रवाना हो गए। यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा नारनौल विधायक ओम प्रकाश यादव के सुपुत्र की शोक सभा में शामिल होंगे। मंत्री नारनौल से सीधे नागौर पहुंचेंगे जहां पर सर्किट हाउस में उनका रात्रि विश्राम होगा। रविवार सुबह नागौर के मूण्डवा में जिला स्तरीय वन महोत्सव पौधारोपण तथा प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में शिरकत करेंगे उसके बाद 3:15 बजे सीकर में जिला कार्यकारणी भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में हिस्सा लेंगे। रविवार शाम 6:00 बजे मंत्री जयपुर के लिए रवाना होंगे।

बारिश से कुआं ढहा

निवाई, (निसं)। ग्राम पंचायत सेदरिया के गांव भगतरामपुरा में बरसात से कुआं ढह जाने से किसान के अनुमानित 8 लाख का नुकसान हो गया है किसानों ने तहसीलदार नरेश गुर्जर से मुआवजा दिलवाने की मांग की है। किसान बाबूलाल, जगदीश, गुलाब व नन्दलाल ने बताया कि गांव भगतरामपुरा पटवार हल्का सेदरिया में खसरा नं. 72 में उनका कुआं स्थित था। प्राकृतिक आपदा से दोपहर 3 बजे तेज बरसात आई जिससे कुआं ढह गया जो करीब 20 हाथ चौडा व 50 हाथ गहरा था। कुआं ढह जाने से किसान को अनुमानित करीब 8 लाख रूपये का नुकसान हो गया। जिससे सभी खातेदारों को काफी नुकसान हो गया। पीड़ित किसानों ने तहसीलदार से मुआवजा दिलवाने की मांग की है।

वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न किया

आमेर, (निसं)उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत आकेड़ा डूंगर अखैपुरा धनुषधारी हनुमानजी मंदिर के रास्ते के दोनों ओर वृक्षारोपण किया गया। जिसमें पीपल, बरगद, नीम कदम छायादारवृक्ष आदि के 51 पेड़ लगाए गए। रामबाबू गुप्ता की अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष ने कहा कि पौधारोपण का यह कार्यक्रम आगामी वर्षों में भी जारी रहेगा। जगदीश खोड़ा ने बताया कि अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने से आक्सीजन की कमी नहीं होगी और वातावरण में शुद्धता बनी रहेगी। ऐसे कार्यक्रमों द्वारा सभी को जागरुक किया जायेगा। वृक्षारोपण कार्यक्रम में गांव के सम्मानीय व्यक्तियों ने भाग लिया। जगदीश खोड़ा, संरक्षक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामबाबू गुप्ता, सीताराम सैनी, सुंडा राम सैनी, कानाराम कुमावत, सुरेश गुप्ता, नाथूराम सैनी, रामगोपाल मीणा, श्रवण सैनी, रुपनारायण जाट, श्रीनारायण मीणा रामकिशोर शर्मा रामकिशोर जाट मीठा लाल मीणा सुरेश सैनी कैलाश मीणा कानाराम मीणा अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्कूल गणवेश वितरण की

श्रीमाधोपुर, (निसं)। लायंस क्लब श्रीमाधोपुर ने अपने सेवा कार्यों को आगे गति देते हुए राजकीय मानपुरिया संस्कृत विद्यालय श्रीमाधोपुर के जरूरतमंद 20 बच्चों को स्कूली गणवेश वितरण की इस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य सौरभ अग्रवाल, विद्यालय के रामगोपाल बोरा, ज्ञानप्रकाश हरितवाल, शंकरलाल सैनी, रामकिशोर नागर, अभिनेश चोपड़ा, अंबिका तिवारी एवम विद्यालय के छात्र-छात्राओं के अलावा क्लब के अध्यक्ष सीताराम सैनी, सागरमल हलवाई, रेवत सिंह, माणक चंद तिवाडी, सागरमल सैनी और श्रीराम कुमावत आदि उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों को भोजन कराया

अलवर, (निसं)। खोहड़ा करमाली, नौगांवा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खोहड़ा करमाली में श्री कृष्ण भोज संकल्पना के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए तिथि भोज का आयोजन किया गया। राज्य सरकार एवं शिक्षा विभाग के निर्देशों की अनुपालना में विद्यालय के उप प्राचार्य रवीन्द्र प्रकाश पालीवाल की अगुवाई में विद्यालय के तमाम बालक बालिकाओं एवं ग्राम के गणमान्य आगंतुकों सहित समस्त स्टाफ के लिए तिथि भोज का आयोजन किया गया। श्री पालीवाल की प्रेरणा से विद्यालय स्टाफ के जिन कार्मिकों का जन्म दिवस जुलाई माह में आता है उन सभी कार्मिकों द्वारा स्वेच्छा से अपने निजी खर्चे से इस सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। बालकों की रुचि अनुसार भोजन के साथ मिष्ठान के रूप में खीर वितरण की गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रशासन द्वारा इन सभी कार्मिकों को माल्यार्पण कर राजस्थानी चुनरी का साफा पहनाया गया तथा सभी को बधाई पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में उप सरपंच कल्लू राम, सहित स्टाफ के रामजीलाल, घनश्याम, निशा यादव, गौरव रोहिल्ला, सानिया, श्यामलाल आदि उपस्थित रहे।

अलग-अलग मामले में दो गिरफ्तार

निवाई, (निसं)। निवाई थाना पुलिस ने अवैध हथियार चाकू के साथ एक जने को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि निवाई थाना क्षेत्र में अपराधियों की धरपकड एवं अवैध फायर आम्र्स की धरपकड के क्रम में गठित विशेष टीम ने शिवाजी पार्क के पास से एक धारदार चाकू लेकर घूमते पाए जाने पर आरोपी समीर कुरैशी पुत्र नयुम खां उर्फ नन्नू खां निवासी कच्ची बस्ती शिवाजी कॉलोनी को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार टीम ने करीब एक साल से फरार चल रहे वांछित स्थाई वारंटी निसार अहमद पुत्र फजर मोहम्मद निवासी लुआवट तहसील पीपलदा जिला कोटा हाल निवासी प्रताप नगर थाना बोरखेडा जिला कोटा को गिरफ्तार किया है।

132 केवी जीएसएस के लिए जगह का इंतजार

उनियारा, (निसं)। शिवाड़ कस्बे में 132 केवी जीएसएस के निर्माण के लिए बिजली विभाग द्वारा राजस्व विभाग के तहसीलदार चौथकाबरवाड़ा को नवम्बर 2022 में पत्र भेजकर शिवाड़ या ईसरदा ग्राम पंचायत के अधीन 132 केवी जीएसएस के लिए भूमि उपलब्ध करवाने का अनुरोध किया था। जिससे ईसरदा डेम प्रोजेक्ट को बिजली दी जा सके एवं क्षेत्र में बिजली आपूर्ति सही हो सके। लेकिन राजस्व विभाग द्वारा आज तक जमीन आवंटित नहीं की गई है।

शिवाड़ कस्बे में जीएसएस के निर्माण के लिए जमीन आवंटित नहीं की गई है

प्राप्त जानकारी के अनुसार 132 केवी जीएसएस हेतु करीब 13 बीघा जमीन ईसरदा ग्राम पंचायत में देख ली गई थी और ग्राम पंचायत ने जनवरी 2023 में इस संबंध में एनओसी भी जारी कर दी थी मगर उसके बाद भी डेढ़ साल में भी जमीन आवंटन का कार्य नहींहो सका और फ़ाइल एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय घूम रही है। वहीं इसी 2024 के बजट में राजस्थान सरकार द्वारा शिवाड़ में 132 केवी जीएसएस के निर्माण की घोषणा भी हो चुकी है मगर जमीन आवंटन का कार्य नहीं हो रहा है। प्रेमप्रकाश शर्मा, प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य भाजपा राजस्थान का कहना है कि 132 केवी जीएसएस का निर्माण क्षेत्र के लिए जरूरी है मगर राजस्व विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से अब तक भी डेढ़ साल से अधिक समय के बाद भी जमीन आवंटित नहीं की गई है इस मामले में इससे बड़ी घोर लापरवाही नहीं हो सकती।

कुमुद जैन, मीडिया प्रभारी, घुश्मेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर ट्रस्ट शिवाड़ का कहना है कि शिवाड़ में 132 केवी जीएसएस की मांग बहुत पुरानी है जिसे अब जाकर पूरा गया है उसके बाद भी दिलमुल रवैये के कारण जमीन आवंटित नहीं होना एक बड़ी लापरवाही है। स्थानीय विधायक को तुरंत जमीन आवंटन करवाना चाहिए।

हरिद्वार से कावड़ यात्रा श्याम मंदिर पहुंची

शाहपुरा, (निसं)। शहर के पुलिस थाने के पीछे शनिवार को श्याम मंदिर की कमेटी के कार्यकर्ताओं के द्वारा हरिद्वार से कावड़ यात्रा नगर परिक्रमा करते हुए डीजे की धुनों पर श्याम भगत हाथों में निशान लिए हुए नाचते गाते श्याम मंदिर परिसर पहुंची। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद अजमेरी व कोषाध्यक्ष राजेश मंडोवरा ने बताया कि 15 जुलाई से पांच सदस्य श्याम मंदिर कमेटी के मंदिर कमेटी के संचालक शंकर लाल सैनी के सानिध्य में शिव भोले की पैदल चलकर कांवड़ यात्रा शाहपुरा पहुंची। शाहपुरा पहुंचने पर नगर पालिका अध्यक्ष बंशीधर सैनी, समाजसेवी रवि कुमार अग्रवाल, हारिल सैनी ने माल साफा पहनाकर कावड़ यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान मंदिर कमेटी के सचिव अनिल कुमार नरवल, मंगल चंद दादरवाल, भगवान सहाय कूकडेला ने बताया कि शिव भोले की झांकी की आरती करके कावड़ यात्रा का समापन किया गया। 29 जुलाई को श्याम मंदिर में रुद्राभिषेक करके गंगाजल से शिव भोले व श्याम बाबा का स्नान कराया जाएगा।

दिनभर कभी तेज तो कभी धीमी बरसात हुई

निवाई में कृषि मंडी के सामने सड़क पर बरसात का पानी भर गया।

निवाई, (निसं)। उपखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र में बरसात का दौर लगातार जारी है। पिछले चार दिन से दिनभर कहीं तेज तो कहीं रिमझिम बारिश का दौर चलता रहा।

शनिवार सुबह 4 बजे से 8 बजे तक रिमझिम बारिश होती रही। कुछ देर के ठहराव के बाद करीब 10 बजे थोडी देर तेज बारिश हुई। दोपहर बाद आसमान में काले बादल छाए रहे और कभी तेज तो कभी धीमी गति से बारिश का दौर जारी रहा। इस दौरान लगातार बारिश होने से शिवाजी पार्क रोड, जिरात बाब रोड, डाक बंगले व कृषि मंडी के सामने सडकों पर तेज गति से पानी बहता रहा। जल संसाधन के कनिष्ठ अभियंता कानाराम गुर्जर ने बताया कि शनिवार की सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक 12 एमएम बारिश दर्ज की है। जिससे गर्मी लोगों को राहत मिली।

'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधे लगाये

मनोहरपुर, (निसं)। कस्बे में पर्यावरण को बचाने और हरियाली बढ़ाने के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की गई है। अभियान के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम के तहत प्रत्येक नगर पालिका को सरकार ने 5 हजार पेड़ पौधे लगाने का जिम्मा सौंपा गया है। जिसको लेकर शनिवार को तोपचीखाना स्थित कब्रिस्तान में करीब डेढ़ सौ और सारवान कब्रिस्तान में 900 पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान रामप्रकाश नाई व संतोष माधानी ने कहा कि, एक पेड़ मां के नाम लगाकर अपनी मां की याद को चिर स्थायी बनाये व धरती मां को भी सवारें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत तोपचीखाना कब्रिस्तान पर मुस्लिम समुदाय के लोग व पालिका प्रतिनिधि के मौजूदगी में वृक्षारोपण किया गया। और बड़ी संख्या में वृक्षारोपण करने का आव्हान किया गया है। इस अवसर पर अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष सरफराज ने शहरवासियों से अपने अपने क्षेत्र में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बड़ी संख्या में वृक्षारोपण करने का आव्हान किया। इस दौरान जामा मस्जिद सदर जमील खान चौहान ने कहा की पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने के लिए तोपचिखाना व सारवान कब्रिस्तान में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगो ने फलदार और छायादार पौधे लगाए. दरअसल, लगातार बढ़ रही वृक्षों की कटाई से पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है और तापमान में वृद्धि हो रही है. इसलिए पीएम मोदी ने "मन की बात" कार्यक्रम के दौरान लोगों से "एक पेड़ मां के नाम" अभियान से जुड़ कर एक-एक पेड़ लगाने की अपील की थी।

सफाईकर्मियों की हड़ताल जारी

अलवर, (निसं)। प्रदेश में सफाई कर्मियों की हड़ताल जारी है। इसके चलते शहर से कचरा नहीं उठ रहा है। गली-मोहल्लों सहित मुख्य सड़कों पर कचरे ढेर लगे हैं। लोगों का इन रास्तों से निकलना भी दूभर हो गया है। गौरतलब है कि सफाई कर्मचारी भर्ती में वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता देने सहित कई मांगों को लेकर पूरे प्रदेश भर में कर्मचारी हड़ताल पर हैं। शनिवार को अलवर शहर के नगर निगम कार्यालय पर सफाई कर्मी एकत्रित हुए। इसके बाद सफाई कर्मियों ने शहर के मुख्य बाजारों से होते हुए अम्बेडकर सर्किल तक रैली निकाली निकालकर विरोध जताया।

जिला स्तरीय वाक्पीठ संगोष्ठी संपन्न

निवाई, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई में शनिवार को दो दिवसीय जिला स्तरीय शारीरिक शिक्षक संघ की प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा वाकपीठ संगोष्ठी का समारोह पूर्वक समापन हुआ। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दीपिका सेमुअल, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी चौथमल चौधरी, वरिष्ठ उप जिला शिक्षा अधिकारी रामप्रसाद मीणा, संगोष्ठी संयोजक देवेंद्रपालसिंह चौधरी ने मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा ने वाक पीठ संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि शारीरिक शिक्षक ही छात्र-छात्राओं को तहसील स्तर से जिला, प्रदेश व देश स्तर के लिए खिलाडी के रूप में तैयार करता है। वह विद्यालयों में अनुशासन का पाठ सिखाते है। संगोष्ठी की संयोजक देवेंद्रपालसिंह चौधरी ने बताया कि शारीरिक संगोष्ठी में करीब 380 शारीरिक शिक्षकों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि जिलभर में सेवा निवर्त होने वाले शारीरिक शिक्षकों को माला व साफा पहनाकर सम्मानित किया गया।

शराब ठेका हटाने को लेकर महिलाओं तथा लोगों का फूटा आक्रोश

श्रीमाधोपुर, (निसं)। शहर के वार्ड नं 08 जालपाली में शराब का नया ठेका संचालित होने का समाचार मिलते ही वार्डवासी लामबंद हो गए और संचालित हो रही शराब की दुकान के बाहर धरने पर बैठ गए।

वार्डवासियों ने शराब का ठेका बंद करवाने की मांग को लेकर नारेबाजी की और जब तक ठेका बंद

महिलाओं तथा वार्डवासियों ने धरना देकर प्रदर्शन किया

करने का लिखित में आदेश नहीं आने तक धरने पर बैठे रहने की चेतावनी दी। वार्डवासियों का कहना था कि जहां पर ठेका संचालित किया जा रहा उसके सामने महज कुछ दूरी पर ही बाबा केशवदास महाराज का मंदिर है और मंदिर में दिनभर भक्तों का आना जाना लगा रहता है। वहीं जालपाली में संचालित सभी स्कूलों में आने वाले छात्र छात्राओं का भी रास्ता यही है। जिससे शराब का ठेका संचालित होने पर यहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहेगा और कोई ना कोई अनहोनी घटना घटित होने का अंदेशा लगा रहेगा। वार्ड की काफी संख्या में महिलाएं और लोग एकत्रित होकर शराब ठेके की दुकान पर आ पहुंची और धरने पर बैठकर ठेका बंद करवाने की मांग करने लगी। महिलाओं का कहना था कि ठेका बंद नहीं होने तक उनका विरोध जारी रहेगा। और शराब का ठेका किसी कारणवश बंद नहीं किया तो उन्हें मजबूरन बड़ा आंदोलन करना पड़ेगा। वार्डवासियों के विरोध प्रदर्शन की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और समझाइश का प्रयास किया लेकिन नहीं मानने पर शराब ठेका संचालित कर रहे दुकानदार को कागजों के साथ थाने पर बुलाया। इस दौरान मोहन लाल स्वामी पवन कुमार, विकास कुमार, रवि स्वामी, शंकरलाल, प्रेम प्रकाश वर्मा, सुरेंद्र कुमार, घनश्याम, सांवरमल, छगन लाल, अशोक कुमार, सीताराम, रघुनाथ, शारदा देवी, पार्वती देवी सहित काफी संख्या में महिलाएं एवं वार्डवासी मौजूद रहे।

शराब ठेके के विरोध में वार्डवासी दुकान के बाहर धरने पर बैठ गए।

कलेक्टर ने उपखंड कार्यालय उनियारा का निरीक्षण किया

टोंक। जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने शुक्रवार शाम को उपखंड कार्यालय उनियारा का निरीक्षण किया और जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याओं को सुना।

जिला कलेक्टर के समक्ष नगर पालिका के वार्ड संख्या 3 के निवासियों ने पटवार भवन के पास का रास्ता 4.5 फीट का होने के कारण आने-जाने में परेशानी होने की पीड़ा को बताया, उन्होंने इस रास्ते को 12 फुट चौड़ा करने का प्रार्थना पत्र दिया। इसी तरह वार्ड नंबर 2 में निर्मित सीसी रोड पर प्रभावशाली व्यक्तियों द्वारा अवैध कब्जा कर बंद किए गए रास्ते को खुलवाने की गुहार वार्डवासियों ने की। परिवादी किशन लाल ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि उनियारा टोंक सड़क मार्ग पर नाले को बंद करने के कारण उसके खेत में जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है, इसलिए बंद नाले को खुलवाकर उसे राहत दी जाए, ताकि वह अपनी खेत पर फसल बो सके। जागरूक नागरिक आमजन सेवा समिति के अध्यक्ष ने ग्राम पंचायत बिलोता में पीएम आवास योजना में अनियमितता की जांच एवं उसे नकल की प्रति दिलाने का प्रार्थना पत्र दिया।

जिला कलेक्टर ने पाला गांव में रात्रि चौपाल की

अलवर, (निसं)। जिला कलक्टर आशीष गुप्ता ने शनिवार को मालाखेड़ा उपखंड की ग्राम पंचायत पाला के ग्राम पाला में आयोजित रात्रि चौपाल में जनसंवाद कर आमजन की परियोजनाओं को सुना उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि रात्रि चौपाल में प्राप्त परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण करें।

परिवेदनाओं को सुनकर त्वरित निराकरण के दिये निर्देश

जिला कलेक्टर ने रात्रि चौपाल में पाला सहित आस-पास के क्षेत्र से आये ग्रामीणों से पेयजल, विद्युत, स्वास्थ, आंगनबाडी सेवाओं, सामाजिक न्याय व अधिकारिता, मनरेगा, शिक्षा,रसद, पशुपालन व अन्य विभागों की सेवाओं का फीडबैक लिया। रात्रि चौपाल में पेयजल, विद्युत, रास्ते निर्माण आदि की परिवेदनाएं आई।

जिला कलेक्टर के गांव की चौपाल पर आने से ग्रामीणों में उत्साह दिखाई दिया। रात्रि चौपाल में ग्राम सुमेल के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के लिए भूमि आवंटन कराने, ग्राम पाला में दो जोहड़ो की भूमि पर अतिक्रमण होने, गांव के आम रास्ते में गंदे पानी भराव, क्षितग्रस्त विद्युत पोल व झूल रही विद्युत लाइन को दुरुस्त कराने एवं ग्राम पाला घरों के ऊपर से गुजर रही 11 हजार केवी की विद्युत लाइन को शिफ्ट कराने, खेतों में रहने वालों लोगों ने रास्ता दिलाने, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनवाने व बार-बार विद्युत कटौती के निराकरण हेतु ग्रामीणों ने परिवेदना प्रस्तुत की जिस पर जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को जनसुनवाई में प्राप्त परिवेदनाओं का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परिवेदनाओं के निराकरण कि सूचना परिवादी को दी जाये तथा इसकी रिपोर्ट भिजवाये। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी मालाखेड़ा अलवर देवीसिंह, डीएसओ मानसिंह मीना,सहायक कलक्टर अलवर सुश्री नवज्योति कावरिया, जयपुर डिस्कोम के अधिक्षण अभियंता सुधीर पांडे,सीडीईओ श्री नेकीराम, पीडब्लूडी विभाग की अधीक्षण अभियंता एम एल मीना, अतिरिक्त सीएमएचओ डॉ के मीना, तहसीलदार मेघा सहित संबंधित अधिकारी एवं सरपंच धर्मेंद्र मीना मौजूद रहे।

जिला कलेक्टर आशीष गुप्ता ने रात्रि चौपाल में आमजन की समस्याओं को सुना।

संक्षिप्त

एक माह से फरार आरोपी गिरफ्तार

टोंक, (निसं)। निवाई थाना क्षेत्र में वृताधिकारी मृत्युंज्य मिश्रा व थानाधिकारी हरिराम वर्मा द्वारा गठित पुलिस टीम ने एक वर्ष से फरार चल रहे वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थायी वारन्टी निसार अहमद पुत्र फजल मोहम्मद उम्र 52 साल निवासी लुवावट तहसील पीपलदा जिला कोटा को गिरफ्तार किया है।

चौधरी को जिला प्रभारी बनाया

दूदू, (निसं)। प्रदेश युवक कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह पूनिया ने आदेश जारी कर जिले के गांव गणेशपुर निवासी तेजकरण चौधरी को भीलवाड़ा जिले के प्रभारी के पद पर नियुक्त किया है चौधरी पूर्व में अजमेर जिले के प्रभारी के पर कार्य कर चुके हैं चौधरी की नियुक्ति पर क्षेत्रीय युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा खुशी जाहिर की गई है तथा बताया कि संगठन का मजबूती मिलेगी

शुल्क जमा करने की तिथि बढ़ाई

दूदू, (निसं)। राजकीय कन्या महाविद्यालय दूदू में सत्र 2024-25 में प्रवेश की प्रक्रिया के दौरान दस्तावेज सत्यापन करवा कर शुल्क जमा करने की तिथि 30 जुलाई कर दी गई है। प्राचार्य संदीपन कुमार आर्य ने बताया कि यह तिथि पूर्व 25 जुलाई थी सभी छात्राएं अपने मूल दस्तावेज ई मित्र पर जाकर सत्यापन करवा तथा शुल्क जमा कर सकते हैं।

प्रतिभा सम्मान समारोह आज

टोंक, (निसं)। देशवाली युवा एज्युकेशन सोसाइटी टोंक द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह आज आयोजित किया जायेगा। जिसक अन्तर्गत 12वीं में प्राप्त 70-75 प्रतिशत अंक, 10वीं में प्राप्त 65-70 प्रतिशत अंक, 8वीं में प्राप्त ए ग्रेड, बी ग्रेड के छात्र/छात्रओं का सम्मान किया जायेगा, यह सम्मान समारोह पुरानी टोंक देशवाली मोहल्ला वार्ड न. 47 टोंक में रखा जायेगा। जिसमें मुख्य अतिथि बरकत अली, प्रोफेसर कॉमर्स अजमेर महाविद्यालय होंगे।

कार्यकारिणी को भंग किया

नारायणपुर, (निसं)। अंतर्राष्ट्रीय राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा परिषद के प्रदेशाध्यक्ष नवीन कुमार शर्मा ने पत्र जारी कर जयपुर, सीकर, भरतपुर जिले की कार्यकारणी को भंग किया है। प्रदेशाध्यक्ष नवीन कुमार शर्मा ने बताया कि इन तीन जिलों की कार्यकारणी को अनुशासन का पालन नहीं करने के कारण भंग किया है।

कांवड़ यात्रा परम्परागत मार्गो से निकालने की स्वीकृति मांगी

मालपुरा, (निसं)। शिव कांवड़ यात्रा समिति मालपुरा के पदाधिकारियों ने शनिवार को उप जिला कलेक्टर के नाम निजी सचिव को एक प्रार्थना पत्र सौंप बीसलपुर से पवित्र कांवड़ लेकर आने वाले कांवड़ यात्रियो के मालपुरा में प्रवेश के लिये स्वीकृति मांगी।

कांवड़ यात्रा समिति के संयोजक विकास शर्मा, विनोद साहु, कृष्ण विजय, कन्हैयालाल शर्मा व अमन खत्री ने बातया कि 11 अगस्त को

■ मालपुरा में कांवड़ियों के प्रवेश मार्ग को लेकर प्रशासन व हिन्दू समाज कर रहा मंथन

शिव कांवड़ यात्रा समिति ने उप जिला कलेक्टर के नाम निजी सचिव को एक प्रार्थना पत्र सौंपा।

बीसलपुर गोकर्णेश्वर महादेव मंदिर से पवित्र जल की कांवड़ लेकर आने वाले कांवड़ यात्रियों को मालपुरा शहर में प्रवेश व भगवान शिव का जलाभिषेक करने की स्वीकृति मांगी गई है। मालपुरा में समिति के बैनर तले आयोजित आठवीं विशाल कांवड़ यात्रा के सफल आयोजन के लिये समिति की ओर से गणेश निमंत्रण देने के पश्चात युवा कांवड़ियों का रजिस्ट्रेशन कार्य किया जा रहा है।

बीते दिन जलदाय मंत्री व क्षेत्रिय विधायक कन्हैयालाल चौधरी से समिति पदाधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट कर वर्ष 2020 से मालपुरा में कांवड़ यात्रियों को दूदू-छाण स्टेट हाईवे से शहर में प्रवेश पर लगी प्रशासनिक रोक को हटवाने तथा इस बार स्टेट हाईवे से ही कांवड़ यात्रियों को मालपुरा शहर में प्रवेश की अनुमति प्रशासन से दिलवाने के साथ-साथ कांवड़ यात्रियों के दल के साथ स्वयं केबिनेट मंत्री को आने व भगवान शिव का जलाभिषेक करने का आमंत्रण भी दिया गया। कावडियों ने बताया कि वर्ष 2018 में कांवड़ यात्रियों पर हुये पथराव के बाद में तत्कालीन प्रशासन ने वर्ष 2020 में मालपुरा शहर में निकलने वाली दोनों ही समुदायों की जुलूस व यात्राओं के परम्परागत मार्गों को बदल प्रशासन ने स्वयं नवीन मार्ग निर्धारित किया था। लेकिन दोनों ही समुदायों ने आज तक प्रशासन के नवीन मार्ग को स्वीकार नहीं किया। परम्परागत मार्गों से स्वीकृति नहीं मिलने के चलते दोनों ही समुदायों के जुलूस व यात्राओं के आयोजन बीते चार साल से बंद पड़े हैं। विधानसभा चुनाव में प्रचार-प्रसार के दौरान मालपुरा पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के कई कदावर नेताओं व डिग्गी पहुंचे तत्कालीन सांसद एवं वर्तमान विधायक बाबा बालक नाथ ने हजारों लोगों की मौजूदगी में दावा किया था कि प्रदेश में भाजपा की सरकार के सत्ता में आने पर वर्ष 2024 में दूदू-छाण स्टेट हाईवे से ही कांवड़ यात्रा का मालपुरा में प्रवेश होगा। यहां तक की कांवड़ यात्रा में वो स्वयं भी शामिल होंगे। केबिनेट मंत्री व क्षेत्रिय विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने भी हिन्दु समाज के युवाओं से यह वादा किया था। वहीं सम्पूर्ण हिन्दु समाज की ओर से कांवड़ यात्रा के आयोजन को लेकर महेश सेवा सदन में आवश्यक बैठक आयोजित की।

विद्युत आपूर्ति गड़बड़ाने से ग्रामीण परेशान

सिरस, (निसं)। गांव श्योसिंहपुरा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति गड़बड़ाने से उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जीएसएस के पूर्व अध्यक्ष श्यामलाल योगी, शिवजीलाल जाट, रामजीलाल जाट, पूर्व उप सरपंच कैलाश प्रजापत व रामेश्वर नाथ सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि विद्युत वितरण निगम के उच्च अधिकारियों को विद्युत आपूर्ति में सुधार करवाने के लिए बार-बार अवगत करवाने के बाद भी ध्यान नहीं देने से लोगों में रोष व्याप्त है। श्योसिंहपुरा गांव में देवली भांची सब ग्रिड स्टेशन के नटवाड़ा फीडर से विद्युत आपूर्ति दी जा रही हैं। गांव में 2 दिन से विद्युत आपूर्ति बंद रहने से आमजन को परेशानी है।

शनिवार को दोपहर बाद कुछ समय विद्युत आपूर्ति शुरू होने के बाद फिर बंद होने से समस्या बनी हुई है। इन दिनों मौसमी बीमारी व उमश भरी गर्मी के चलते लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत आपूर्ति के बारे में सब ग्रिड स्टेशन पर फोन करने के बाद किसी भी कर्मचारी द्वारा फोन को रिसीव नहीं करने से लोगों में नाराजगी है। ग्रामीणों ने निवाई विधायक रामसहाय वर्मा को ज्ञापन भेजकर विद्युत आपूर्ति में सुधार करवाने की मांग की है। लोगों ने ज्ञापन में बताया की विद्युत आपूर्ति में जल्दी सुधार नहीं होने पर लोगों को आंदोलन पर उतारू होना पड़ेगा।

सार-समाचार

ए.आई.सी.सी. सचिव नरवाल का स्वागत

कोटपूतली, (निसं)। राजधानी जयपुर में एनएसयुआई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेकर दिल्ली वापस लौटते वक्त अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल का शनिवार को कोटपूतली पहुंचने पर कृष्णा टॉकिज स्थित कांग्रेस कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने पूर्व संसदीय सचिव व कांग्रेस नेता रामस्वरूप कसाना की अगुवाई में जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कसाना के नेतृत्व में कांग्रेस समेत एनएसयुआई व युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नरवाल का माला, साफा पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया। नरवाल ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस पार्टी बेहद मजबूत है। आलाकमान अनुभवी नेताओं के मार्गदर्शन में निरन्तर युवा व छात्र वर्ग को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। प्रैस से बातचीत करते हुये उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार में अनेकों जनकल्याणकारी योजनायें आई थी, लेकिन राजस्थान में वहीं हुआ जो दस वर्ष पूर्व हरियाणा में हुआ था। मनोहर लाल खट्टर की तरह भजन लाल शर्मा भी पर्ची से बने मुख्यमंत्री है। राजस्थान आज गैर जिम्मेदार हाथों में जा चुका है। जिसका नजारा सबके सामने है। इस दौरान पीसीसी सदस्य विरेन्द्र महला, एनएसयुआई राष्ट्रीय प्रवक्ता विक्रम बुनकर भी मौजूद रहे। वहीं पूतली कट पर नरवाल का पूर्व पार्षद तारा पूतली के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

प्रजापति समाज की बैठक आयोजित

फुलेरा, (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम भैसलना में प्रजापति समाज की आवश्यक बैठक का आयोजन समिति के अध्यक्ष बजरंग लाल बागरानिया की अध्यक्षता में किया गया। जबकि इसके पूर्व वरिष्ठ समाजसेवी भैरूराम प्रधान के मुख्य अतिथि में राजा दक्ष प्रजापति की जयन्ती मनाई गई। इस दौरान राजा दक्ष प्रजापति के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण करते हुए पुष्प अर्पित किये गये। इसके बाद राजा दक्ष प्रजापति की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। समाज के नन्दकिशोर खटोड़ ने बताया कि बैठक के दौरान आगामी 12 अगस्त को आयोजित होने वाले प्रजापति समाज शिव मन्दिर का 60 वां विशाल मेला महोत्सव और प्रतिभा सम्मान समारोह की विभिन्न तैयारी को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इसी क्रम में मेले को ठीक ढंग से संपन्न करवाने हेतु पदाधिकारियों की अलग-अलग कमेटीयों का गठन कर उन्हें जिम्मेदारीयां सौपी गई। इसके अलावा वहीं प्रतिभा सम्मान समारोह के लिए समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों की अंक तालिकाएं समिति के पास निर्धारित समय तक समिति के पास संग्रहण करने की अपील की गई। वही बैठक के दौरान समाज की निर्माणाधीन धर्मशाला का कार्य जल्द ही पूर्ण करवाने पर विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।

शिवाजी कॉलोनी में पौधारोपण किया

निवाई, (निसं)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सिटी नंबर 3 निवाई शिवाजी कॉलोनी में पौधारोपण किया गया। प्रधानाध्यापक जियाराम मीणा ने बताया कि शनिवार को विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय परिवार ने छायादार अरडु, नीम, कंडेर, गुड़हल, पीपल व गुलमोहर आदि के पौधे लगाए गए। प्रधानाध्यापक ने कहा कि वृक्ष ही जीवन है, वृक्ष प्रकृति का श्रृंगार है, पेड़ों से ही हरियाली रहती है, पेड़ों से बारिश होती है, तापमान को सामान्य बनाए रखने में सहयोगी होते हैं। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को विद्यालय के आसपास, घरों के बाहर और मोहल्ले में भी पेड़ पौधों का वितरण करके लगवाने का आव्हान किया। इस अवसर पर यूथ एण्ड ईको क्लब प्रभारी रामकिशन गुर्जर, राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के तहसील संयोजक विमलकुमार विजय, शकुंतला वर्मा, मोहन कंवर, पुष्पा तौगरिया, विजयलक्ष्मी शर्मा सभी स्टाफ साथी व एसएमसी प्रतिनिधि सहित कई छात्र छात्राए मौजूद रहे।

अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि मनाई

दूदू, (निसं)। उपखंड मुख्यालय मोजमाबाद पर मीरापुरा रोड स्थित एक निजी सभागार में भारत रत्न डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर भाजपा मंडल द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष बिरदी चन्द अहलावत, अल्पसंख्यक आयोग के संयुक्त मोर्चा जिला अध्यक्ष इस्लाम नागोरी ने कलाम साहब की जीवनी पर प्रकाश डालकर उनके पदचिन्हों पर चने की बात कही। इस अवसर पर हमीद नागोरी गणेश सैनी जगपाल सिंह उगम सिंह जांदू शंकर सैनी नरेंद्र डोगरा घासी प्रजापत यासीन देश वाली सहित कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर आज

श्रीमाधोपुर, (निसं)। रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज और खंडेलवाल हार्ट इंस्टीट्यूट जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में आज रविवार 28 जुलाई को शहर के रोटरी भवन में निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संजय खंडेलवाल और डॉक्टर अरुण यादव और उनकी टीम हृदय रोगियों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श देगी। क्लब के डॉ.माधव सिंह ने बताया की शिविर सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगा।

राजा दक्ष प्रजापति की जयंती मनाई

फुलेरा, (निसं)। कस्बे के गांधी चौक के निकट स्थित ऑल इण्डिया पत्रकार एकता सहायता ट्रस्ट कार्यालय पर शनिवार को प्रातः 10 बजे प्रजापति समाज द्वारा राजा दक्ष प्रजापति जयन्ती मनाई गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी नन्दकिशोर खटोड़ के द्वारा की गई। इस दौरान उपस्थित समाज बन्धुओं ने राजा दक्ष प्रजापति के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए समाज के कानाराम प्रजापति ने बताया कार्यक्रम में समाजोत्थान के विभिन्न बिन्दुओं को लेकर चर्चा की गई। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नन्दकिशोर खटोड़ ने राजा दक्ष की जीवनी पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही कैलाश चन्द, दामोदर प्रजापति, मदन लाल प्रजापति, राजेन्द्र प्रजापति, छोटे लाल प्रजापति, चिरंजी लाल प्रजापति ने राजा दक्ष की जीवनी पर प्रकाश डाला। वहीं कार्यक्रम में राजस्थान सरकार से समाज का एक छात्रावास बनाने के लिए जमीन उपलब्ध कराने एवं निर्माण करवाने की मांग रखने का निर्णय लिया गया। जिसके लिए सभी ने सहमति जताई।

कठोर जनसंख्या नीति की मांग को लेकर अभियान शुरू

पावटा, (निसं)। भारत में तेजी से बढ़ती हुई आबादी के कारण राष्ट्र के सामने अनेक चुनौतियां आ रही हैं। देश में शीघ्र कठोर जनसंख्या नीति की मांग को लेकर एक चिट्ठी मोदी के नाम अभियान का शुभारभ जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के राष्ट्रीय संरक्षक पूर्व विधायक ज्ञान देव आहूजा के मुख्य आतिथ्य एवं संत हरिओम दास के सानिध्य में परमानंद धाम खोरी में किया गया।

फाउंडेशन के प्रदेश संयोजक पवन शर्मा जवानपुरा ने बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से देश में सभी पर समान जनसंख्या नीति लागू करने की मांग को लेकर राजस्थान प्रदेश से 50 लाख पोस्ट कार्ड भेजने का लक्ष्य रखा गया है। जयपुर ग्रामीण से एक लाख परिवारों द्वारा पोस्ट कार्ड भेजकर देश में शीघ्र जनसंख्या नीति लागू करने की मांग की जाएगी। पूर्व विधायक ज्ञान देव आहूजा ने कहा देश में बढती हुई आबादी के कारण गृह युद्ध के हालात बन रहे हैं। इसलिए जल्द कठोर जनसंख्या नीति लागू होनी चाहिए। हमारे

खोरी में 'एक चिट्ठी मोदी के नाम' अभियान का शुभारभ किया।

संसाधन बहुत सीमित हैं और आबादी 142 करोड हो गई है समय रहते सरकार को इस विषय पर ध्यान देना चाहिए। संत हरिओम दास ने गौमाता की सेवा और सनातन धर्म के बारे में विस्तार से बताते हुए सभी हिन्दुओं को एकजुट होकर काम करने को कहा। इस दौरान पूर्व विधायक ज्ञान देव आहूजा एवं संत हरिओम दास ने गायों को हरा चारा खिलाया एवं गौसेवा की। फाउंडेशन के प्रदेश संयोजक पवन शर्मा जवानपुरा ने देश की चुनौतियों के बारे में विस्तार से उपस्थित लोगों को बताया । इस दौरान वरिष्ठ नेता जगदीश यादव, गणपत लाल शर्मा, भागीरथ शर्मा बाबूजी, दाताराम गुर्जर, जिला संयोजक रमेश कुमावत, सुनील कुमार सेन, हिमांशु मिश्रा, हिमांशु शर्मा, कैलाश अग्रवाल, गोविंद सोनी, रामेश्वर बजाज, विजेश शर्मा, मीना देवी, उर्मिला देवी, शांति देवी, नवरत्न सोनी, रवि दत्त शर्मा, एडवोकेट राहुल मोदी, श्याम सुंदर शर्मा, दुर्गा प्रसाद शर्मा, अमर सिंह चौहान, विक्रमादित्य शर्मा, ओमप्रकाश मीणा, गजानन सेन सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

आर.ए.एस. अधिकारियों ने बच्चों को कठोर परिश्रम की प्रेरणा दी

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे के पुलिस थाने के पीछे स्थित प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये जिले के प्रतिष्ठित केन्द्र अशोका कोचिंग संस्थान में शनिवार को आरएएस सेमीनार का आयोजन हुआ। जिसमें भाग लेते हुये बड़ी संख्या में आरएएस व आरपीएस अधिकारियों ने विधार्थियों को अपने-अपने अनुभवों से अवगत करवाया।

इस दौरान आयोजित कार्यशाला में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे विधार्थियों को सफलता प्राप्ति के गुर भी बताये। आरएएस में चयनित एसडीएम ऋषिराज कपिल, एसडीएम राकेश रावत, डीवाईएसपी भूपेन्द्र, बीडीओ अजीत सिंह, आबकारी अधिकारी मुकेश कुमार जाट, रसद अधिकारी राहुल जाट आदि ने सम्बोधन देते हुये विधार्थियों को तैयारियों को लेकर रणनीति समझाई। उन्होंने कहा कि दिशा सही हो तो जीवन में प्रतिकूल परिस्थितियों में भी संघर्ष कर सफलता प्राप्त की जा सकती है। छात्र-छात्राओं को कठोर परिश्रम की प्रेरणा देते हुये उनका मार्गदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि जिले में अशोका कोचिंग संस्थान द्वारा प्रथम बार इस प्रकार की कार्यशाला आयोजित की गई। जहाँ आरएएस फाउण्डेशन बैचों के लिये आरएएस अधिकारियों का मार्गदर्शन विधार्थियों को मिला। इस दौरान आरएएस समेत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विधार्थियों ने अपने सुनहरे भविष्य को लेकर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

टक्कर से बाइक सवार की मौत

टोंक, (निसं)। सदर थाना क्षेत्र की तारण गांव से गुजर रही बड़ी नहर की ओर से आ रहे एक अज्ञात वाहन की टक्कर से 27 वर्षीय युवक सूरज बैरवा निवासी घास पंचायत क्षेत्र के गांव उटीठाना के घायल होने पर राहगीरों द्वारा उसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां उसने देर रात को दौराने उपचार दम तोड़ दिया। पुलिस को इस बारे में सुबह सूचना मिली तो जिला चिकित्सालय पहुंचकर पुलिस ने बाद पोस्टमोर्टम शव परिजनों को सौंप दिया। अज्ञात वाहन की तलाश जारी है।

देवपुरा विद्यालय में पौधारोपण किया

निवाई, (निसं)। एक पौधा माता-पिता के नाम अभियान के तहत क्षेत्र के राउमावि देवपुरा में विद्यालय के छात्र-छात्राओं व विद्यालय परिवार द्वारा पूर्व अध्यापक स्वर्गीय बाबूलाल बारेठ की चतुर्थ पुण्य स्मृति में पौधारोपण किया। इस दौरान संस्था प्रधान के सानिध्य में संगोष्ठी का भी आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य सुश्री रीमा सांवरिया ने छात्र छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण की जानकारी दी। उन्होंने बताया की इस वर्ष गर्मी से कई लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। आज देश में पेड़ों को काटकर बड़े-बड़े मॉल व मकान हवेलियां बन गई है। जहां हरियाली होती है वहां बारिश की कोई कमी नहीं रहती। उन्होंने छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया कि राज्य सरकार द्वारा भी एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत आप भी अपने घर आंगन में औषधि युक्त एक पौधा जरूर लगाए। इस दौरान विद्यालय परिसर में 15 औषधि युक्त पौधे लगाए। इस दौरान कैलाश बारेठ, प्रधानाध्यापक रीमा सांवरिया आदि मौजूद रहे।

'हाड़ौता से टाकरडा बाइपास जल्द बनेगा'

चौमूं/कालाडेरा, (निसं)। रेनवाल सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग 52 को जोड़ने वाले टांकरडा से हाड़ौता बाइपास निर्माण को लेकर अच्छी खबर सामने आई है। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा द्वारा उक्त बाइपास निर्माण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पूर्व विधायक शर्मा ने बताया कि नगरपालिका चौमूं में यातायात दबाव को कम करने के उद्देश्य से टाँकरडा से हाड़ौता बाइपास निर्माण कार्य स्वीकृत करवाया गया था। उक्त बाइपास के मध्य से जयपुर-सीकर रेलवे लाइन भी गुजरती है और बाइपास स्वीकृति के समय यह रेलवे लाइन मीटर गेज थी। तत्कालीन समय में बाइपास निर्माण के लिए 52 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई थी। जयपुर से सीकर रेलवे लाइन को मीटर गेज से ब्राडगेज में परिवर्तित होने में काफ़ी समय लग जाने से बाइपास के निर्माण कार्य में देरी हुई। लेकिन वर्तमान में रेलवे लाइन ब्रॉड गेज में परिवर्तित हो चुकी है, जिससे टाँकरडा से हाड़ौता बाइपास के नये प्रस्ताव में अतिरिक्त राशि बढ़कर 72 करोड़ रुपये हो चुकी है। पूर्व विधायक शर्मा ने बताया कि वर्तमान में टाँकरडा से हाड़ौता बाइपास निर्माण की फ़ाइल वित् विभाग में स्वीकृति के लिए भेजी गई है।

विधायक पटेल ने आमजन के अभाव-अभियोग सुने

कोटपूतली, (निसं)। विधायक हंसराज पटेल ने शनिवार को कस्बा स्थित डाक बंगला परिसर में नियमित साप्ताहिक जनसुनवाई की। इस दौरान पटेल ने आमजन के बिजली, पानी समेत विभिन्न अभाव अभियोग सुने। साथ ही जनसमस्याओं का मौके पर निस्तारण करते हुये अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

विधायक पटेल ने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम को देखते हुये बिजली

■ जनसमस्याओं का मौके पर निस्तारण करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये

कटौती कम से कम की जायें। उन्होंने पावटा पंचायत समिति में भी जनसुनवाई करते हुये आमजन की समस्याओं का निस्तारण किया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि पंकज पटेल, पूर्व पार्षद रघुवीर गोयल समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व आमजन मौजूद रहे। विधायक पटेल को शुक्लावास के

कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल ने नियमित साप्ताहिक जनसुनवाई की।

ग्रामीणों ने सरपंच सचिन यादव के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपते हुये पेयजल किल्लत से अवगत करवाया।

ग्रामीणों ने बताया कि राज्य सरकार की नल से जल योजना में पीएचईडी विभाग की लापरवाही के कारण ग्रामीणों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। सरपंच यादव ने बताया कि जल जीवन मिशन शुरू होने के दो वर्षो बाद भी ग्रामीण दूर से पानी लाने को मजबुर है। लेकिन पीएचईडी विभाग का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। सुस्त रफ्तार से चल रही योजना के चलते ग्रामीणों को पेयजल किल्लत से जुझना पड़ रहा है। विधायक पटेल ने विस्तार से ग्रामीणों की समस्या सुनते हुये जल्द से जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान शिवचरण, महावीर, कुलदीप, रामावतार, राजू व शीशराम समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

विधायक धनकड़ आज जन सुनवाई करेंगे

पावटा, (निसं)। विधायक कुलदीप धनकड आज रविवार को भांकरी निज आवास पर जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन कर विराटनगर विधानसभा क्षेत्र से आए लोगों की समस्याओं को सुन मौके पर ही अधिकारियों से बातचीत कर समस्याओं का निस्तारण करेंगे। इस दौरान विराटनगर विधानसभा क्षेत्र से आए ग्रामीणों द्वारा विधायक कुलदीप धनकड का विराटनगर विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए उच्च शिक्षा व्यवस्था, कौशल विकास और परिवहन व्यवस्था को लेकर पूर्व कांग्रेस सरकार द्वारा किये गए महाविद्यालयों के निर्माण में जल्दबाजी कर बिना स्टाफ व भवन के महाविद्यालयों का शिलान्यास व उद्घाटन करने, उनमें रिक्त पडे पदों व कांग्रेस सरकार द्वारा महाविद्यालयों के स्टाफ को डेपुटेशन पर भेजने के मुख्य मुद्दे व खेल अकादमी स्थापित करने, दिल्ली जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर औद्योगिक क्षेत्र घोषित करने, मोहनपुरा जोधपुरा में अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट लगने के बाद सभी गांवों के पुनर्वास के दौरान छूटे गांवों के पुनर्वास सहित विभिन्न मांगों को विधानसभा में उठाने पर स्वागत भी किया जायेगा।

अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ धरना जारी

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे के मोहनपुरा स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ जोधपुरा संघर्ष समिति का धरना शनिवार को लगातार 597 वें दिन भी मन्दिर प्रांगण में बदस्तूर जारी रहा। सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास ने बताया कि ग्राम जोधपुरा (मोहनपुरा) केसघन आबादी, बसावटों व माध्यमिक विद्यालय से 82 मीटर की दूरी पर अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट द्वारा पत्थर पीसने का क्रेशर जो अब तक अवैध संचालित पाये जाने पर प्रशासन, पोल्यूशन विभाग एवं माइनिंग विभाग ने बंद करवाया है।

■ मंगलवार से जिला कलेक्टर कार्यालय पर महापड़ाव डालने का लिया निर्णय

उसको आबादी के नजदीक से हटाया जाये या गांव का पुनर्वास किया जाये की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा अनिश्चितकालीन धरना दिया जा रहा है। आबादी के नजदीक क्रेशर को अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट प्रशासन द्वारा पिछले दो दिनों से फिर से चला दिया गया है। क्रेशर के चलने से निकलने वाले धूल धूएं से गांव में धुंध व कोहरे जैसा वातावरण बन गया, जिससे ग्रामीणों को श्वांस लेने में भी तकलीफ महसूस होने लगी है। ग्रामीण क्रेशर को बंद करवाने के लिए नारेबाजी करने लगे, इसकी सूचना कोटपूतली प्रशासन को भी दी गई लेकिन प्रशासन मौके पर नहीं पहुंचा। ग्रामीण रात्रि 12 बजे तक नारेबाजी करते रहे, जिसके बाद अल्ट्राटेक सीमेंट प्रशासन ने क्रेशर को बंद किया, तब जाकर ग्रामीणों को राहत की सांस मिली।

